राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 225
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 10 जूलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 सिटी बस कंपनी का जल्द तय होगा नाम
पेज 4 यूपी में बिजली दरों में बढ़ोतरी प्रस्ताव पर जनसुनवाई
पेज 6 जसप्रीत बुमराह वापसी को तैयार, लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट से पहले

## गुजरात में पुल टूटा, चलती गाड़ियां नदी में गिरीं ,13 लोगों की मौत

### 8 लोगो को बचाया; दक्षिण गुजरात का सौराष्ट्र से संपर्क टूटा







**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया। हादसे के समय ब्रिज से गाड़ियां गुजर रही थीं। पुल टूटने पर दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा कुल पांच गाड़ियां नदी में गिर गईं। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 को स्थानीय लोगों ने बचाया। दो लोग लापता हैं। फायर ब्रिगेड की तीन टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं। 45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता है। पुल टूट जाने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड जैसे दक्षिण गुजरात के शहरों से सौराष्ट्र पहुंचने में ज्यादा समय लगेगा। अब इसके लिए अहमदाबाद होते हुए लंबा रास्ता लेना पड़ेगा। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है और पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50,000 की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। हादसे के बाद तुरंत ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और लोगों को रेस्क्यू किया। एक स्थानीय युवक ने बताया, हम सुबह से ही बचाव अभियान चला रहे हैं। अब तक 13 शव बरामद हुए हैं, जिनमें से एक बच्चा है और एक बच्चा लापता है। इस दौरान हमें प्रशासन और अधिकारियों से कोई मदद नहीं मिली है। इनका कहना है कि 45 साल पुराने इस पुल की मरम्मत के लिए प्रशासन को कई बार सूचित किया जा चुका है। प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण आज यह हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस हादसे के लिए पूरी तरह से प्रशासन ही जिम्मेदार है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई कैंटीन विवाद- फूड डिपार्टमेंट ने लाइसेंस रद्द किया

**मुंबई।** मुंबई के आकाशवाणी विधायक गेस्ट हाउस की कैंटीन में खराब खाने पर फूड डिपार्टमेंट ने लाइसेंस रद्द कर दिया। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों ने कैंटीन से पनीर, चटनी, तेल और दाल के सैंपल लिए हैं। अधिकारी ने बताया कि, इन्हें लैब भेजा जाएगा और रिपोर्ट 14 दिनों में आएगी। तब तक के लिए कैंटीन का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है। फूड विभाग की तरफ से यह कार्रवाई शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ की शिकायत पर की गई है। दरअसल 8 जुलाई को संजय गायकवाड़ खराब दाल परोसे जाने से नाराज हो गए थे। गायकवाड़ कैंटीन में आए और स्टाफ की पिटाई कर दी।

### चारा घोटाला में लालू यादव की सजा बढ़ाने की मांग

**पटना।** चारा घोटाले से जुड़े एक मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सीबीआई ने उनकी सजा बढ़ाने की मांग की है। इसको लेकर जांच एजेंसी ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। बुधवार को सुनवाई के बाद सीबीआई की याचिका को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की खंडपीठ ने सीबीआई की याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार किया है। सीबीआई की तरफ से लालू प्रसाद यादव, बेक जूलियस और सुधीर कुमार भट्टाचार्य की सजा को बढ़ाए जाने की मांग की गई है।

## महागठबंधन का बिहार बंद

### 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं, 12 नेशनल हाईवे जाम; ईसी ऑफिस नहीं पहुंच सके राहुल-तेजस्वी





पटना। बिहार में बुधवार को महागठबंधन ने चुनाव आयोग के वोटर वेरिफिकेशन के विरोध में बंद का आह्वान किया। इस दौरान 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं गईं और 12 नेशनल हाईवे जाम किए गए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी विरोध में शामिल होने के लिए दिल्ली से पटना पहुंचे और यहां विरोध रैली में शामिल हुए। उनके साथ तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी शामिल हुए। इनकम टैक्स चौराहे से राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और दीपांकर भट्टाचार्य एक गाड़ी पर सवार होकर प्रदर्शन करते चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए निकले। पुलिस ने सभी नेताओं को सचिवालय थाने के पास बैरिकेडिंग कर रोक दिया। उन्हें यहां से आगे जाने की परमिशन नहीं दी गई। यहीं से कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद सभी नेता लौट गए। यहां से चुनाव आयोग का ऑफिस करीब 150 मीटर दूर था।

#### 7 जगह ट्रेनें रोकीं, 12 नेशनल हाईवे जाम किए

बिहार बंद के दौरान 12 नेशनल हाईवे जाम किए गए। समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, कटिहार, सुपौल, मधेपुरा, मोतिहारी, वैशाली, पटना और औरंगाबाद में लोग घंटों जाम में फंसे रहे। दरभंगा, भोजपुर, सुपौल, जहानाबाद, पटना, मुंगेर, अररिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों को रोका गया।

#### राहुल बोले- महाराष्ट्र की तरह बिहार चुनाव में चोरी की कोशिश

राहुल गांधी ने कहा, चुनाव आयोग मैं आपको साफ बोल रहा हूं। मैं बिहार और हिन्दुस्तान की जनता को स्पष्ट कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था और वैसे ही बिहार को चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। उन्हें पता है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया इसलिए वे बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों के वोट छीनने का तरीका है

ये बिहार है और बिहार की जनता ये नहीं होने देगी। हमारे लोग चुनाव आयोग से जाकर मिले। मैं नहीं जा पाया था। इलेक्शन कमीशन बीजेपी और आरएसएस नेताओं की तरह बात कर रहे हैं।

'वो भूल गए कि वो भाजपा नेता नहीं हैं। मैं कहता हूं आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा।'

बिहार बंद में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस, वाम दल, वीआईपी पार्टी और जन अधिकार पार्टी (पप्पू यादव) समेत महागठबंधन के 6 से ज्यादा दल शामिल हैं।

## राजस्थान के चूरू में वायुसेना का जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश

### पायलट और को-पायलट की मौत, शवों के टुकड़े मिले

**चूरू।** राजस्थान के चूरू में भारतीय वायु सेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया। हादसे में 2 पायलट शहीद हो गए। शहीद स्क्वॉड्रन लीडर लोकेंद्र सिंह सिंधु (44) हरियाणा के रोहतक और फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिराज (23) पाली के खिंवादी गांव के रहने वाले थे। जिस जगह प्लेन क्रैश हुआ, वहां बड़े इलाके में फाइटर जेट का मलबा बिखरा पड़ा है। यह हादसा बुधवार (9 जुलाई) को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर हुआ। भारतीय वायु सेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी गठित की है। चूरू एसपी जय यादव ने बताया- राजलदेसर थाना क्षेत्र के गांव भाणूदा में प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें दो लोगों की मौत हुई है। मलबे के पास से बुरी तरह क्षत-विक्षत शव के टुकड़े मिले हैं। बताया जा रहा है कि हादसे से पहले तकनीकी कारणों से पायलट इजेक्ट नहीं कर पाए।



#### सूरतगढ़ से उड़ा था ट्रेनी जगुआर जेट

सेना के सूत्रों के मुताबिक यह जगुआर फाइटर जेट श्रीगंगानगर के पास सूरतगढ़ एयरबेस से उड़ा था। यह जेट टू सीटर था, ट्रेनिंग के लिए इसका उपयोग किया जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक उन्होंने पहले विमान की गड़गड़ाहट सुनी, फिर जोरदार धमाके की आवाज आई। इसके बाद प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई। घटना के ठोस कारणों का पता फिलहाल नहीं चला है। अधिकारियों ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। घटनास्थल पर सेना का एक हेलिकॉप्टर भी पहुंचा है, इस हेलिकॉप्टर को सड़क पर लैंड कराया गया।



### हैप्पी मॉर्निंग

पिंटू पढाई में कमजोर था
हमेशा दोस्तों के साथ मस्ती करता
रहता था मास्टर जी- तुम्हारे अंग्रेजी में
इतने कम नंबर क्यों आये?
पिंटू- मास्टर जी, आया नहीं थी ना
उस दिन मास्टर जी- अरे, क्या तुम
पेपर वाले दिन आई ही नहीं थे?
पिंटू- नहीं, वो मेरे बगल
वाला लड़का नहीं
आया था।



### शायरी

कुछ बात है कि हस्ती मिटती
नहीं हमारी,
सदियों रहा है दुश्मन दौर-ए-
ज़माँ हमारा।

## भारत में स्टारलिंक की सेवाएं शुरू करने की मिली परमिशन

### मस्क की कंपनी का जारी हुआ लाइसेंस

नई दिल्ली। भारत के अंतरिक्ष नियामक इन-स्पेस ने अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क द्वारा संचालित स्टारलिंक को देश में उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए लाइसेंस जारी कर दिया है। इससे कंपनी के लिए भारतीय बाजार में प्रवेश करने की नियामकीय बाधा दूर हो गई है। स्टारलिंक की सेवाओं से भारत में बिना मोबाइल टावर के भी कॉलिंग और कनेक्टिविटी की सुविधा संभव हो सकेगी। इससे ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र ने एक बयान में कहा कि स्टारलिंक को उपग्रहों के समूह यानी स्टारलिंक जेन1 की व्यवस्था करने की मंजूरी दी गई है।

#### 2022 से लाइसेंस का इंतजार कर रही थी कंपनी

इससे यह कंपनी भारत में उपग्रह आधारित संचार सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकेगी। यह मंजूरी आठ जुलाई से पांच साल की अवधि के लिए या 'जेन1' समूह के परिचालन की समाप्ति तक (जो भी पहले हो) के लिए वैध है। रॉयटर्स के अनुसार, एलन मस्क की कंपनी 2022 से भारत में व्यावसायिक रूप से परिचालन के लिए लाइसेंस का इंतजार कर रही थी।

## अयोध्या में घर, वाराणसी में घाट डूबे, प्रयागराज में 4 मौतें

### उत्तराखंड में बादल फटा, एमपी में नर्मदा में बाढ़, नागपुर में नाव से रेस्क्यू

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** यूपी में बुधवार को भारी बारिश जारी है। अयोध्या में घरों में पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश के पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई। वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट तक पानी पहुंच गया है। इसके चलते गंगा आरती का स्थान बदला गया है।
मध्य प्रदेश में नर्मदा उफान पर है। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया जिले बाढ़ की चपेट में हैं। छतरपुर के बान सुजारा डैम के 12 गेट खोले गए, दमोह में सतधरू-साजली बांध के 3-3 गेट खोले गए। वहीं, जबलपुर में बरगी डैम के 17 गेट खोले गए हैं। महाराष्ट्र के नागपुर में लगातार हो रही तेज बारिश के चलते न्यू नरसाला इलाके में घर और गाड़ियां पानी में डूब गईं। हालात को देखते हुए नागपुर नगर निगम ने राफ्ट (नाव) की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है। उत्तराखंड में मानसून जमकर बरस रहा है। मंगलवार को चमोली जिले के नंदप्रयाग घाट के पास मुख गांव में बादल फटने से तबाही मच गई। एसडीआरएफ ने बताया कि जनहानि की सूचना नहीं है। सर्च जारी है। अगले चार दिन राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है।



#### महाराष्ट्र के यवतमाल में वर्धा नदी उफान पर

महाराष्ट्र के यवतमाल में 3 दिन से बारिश हो रही है। मारेगांव तालुका में कोसारा वर्धा नदी पर बना पुल पानी में डूब गया है। पुल के ऊपर से 2-3 फीट पानी बहने के कारण रालेगांव-वडकी-खैरी-कोसारा-वरोरा-चंद्रपुर मार्ग बंद कर दिया गया है। कई बीघा फसल भी बर्बाद हुई है।

### अर्थसार



संसेक्स:
83,536.08
-176.43 (0.21%)
निफ्टी:
25,476.10
-46.40

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 26 डिग्री से0 |
| सूर्योदय शुक्रवार | : | 5 : 31 |
| सूर्यास्त गुरुवार | : | 7 : 27 |

## अमरनाथ यात्रा- 7वें दिन 16,720 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

### अब तक 1.28 लाख तीर्थयात्री आ चुके; 9 अगस्त तक चलेगी यात्रा



**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा के सातवें दिन 18,633 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। यात्रा के शुरुआती हफ्ते में 1.28 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। यह 9 अगस्त तक चलेगी। यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348 , शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री, सोमवार को 23,857 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। अब तक चार लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

यात्रा पर आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 581 अलग-अलग सुरक्षा कंपनियों का चाक-चौबंद बंदोबस्त किया गया है। इसमें सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईबीटीपी और सीआईएसएफ समेत सुरक्षा बलों के जवान तैनात किए गए हैं।

वैल्यूएबल कंपनी

### यह आंकड़ा पार करने वाली दुनिया की पहली कंपनी, शेयर 2 प्रतिशत चढ़ा

## चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप 4 ट्रिलियन

नई दिल्ली। सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अमेरिका की कंपनी एनवीडिया एक बार फिर दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। 9 जुलाई को कंपनी के शेयर में 2 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। जिसके चलते कंपनी का मार्केट कैप पहली बार बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर (करीब 343 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंच गया है। कारोबार के दौरान कंपनी के शेयर ने 164.42 डॉलर (14,091 रुपए) का ऑल टाइम हाई भी बनाया।




मार्केट कैप के लिहाज से एनवीडिया के बाद माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप 3.72 ट्रिलियन डॉलर (करीब 295 लाख करोड़ रुपए) है। वहीं आईफोन बनाने वाली कंपनी एपल का मार्केट कैप 3.11 ट्रिलियन डॉलर (करीब 261 लाख करोड़ रुपए) है। यह मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया की तीसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है।

#### दुनिया की सबसे वैल्युएबल सेमीकंडक्टर फर्म

एनवीडिया पहले से ही दुनिया की सबसे वैल्युएबल सेमीकंडक्टर फर्म है। NVIDIA के भारत में चार इंजीनियरिंग डेवलपमेंट सेंटर हैं। ये हैदराबाद, पुणे, गुरुग्राम और बेंगलुरु में स्थित हैं। एनवीडिया ने अपने एआई एक्सेलरेटर को अपग्रेड किया है।

#### जीपीयू को डिजाइन और मैन्युफैक्चर करती है कंपनी

एनवीडिया एक टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट के डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग के लिए जानी जाती है। 1993 में जेन्सेन हुआंग, कर्टिस प्रीम और क्रिस मालाचोव्स्की ने इसकी स्थापना की थी। इसका मुख्यालय कैलिफोर्निया के सांता क्लारा में है। एनवीडिया गेमिंग, क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग और प्रोफेशनल एप्लिकेशन्स के लिए चिप को डिजाइन और मैन्युफैक्चर करती है। इसके साथ-साथ व्हीकल्स, रोबोटिक्स और अन्य उपकरणों में भी उसके चिप सिस्टम का इस्तेमाल होता है।

#### कंपनी के सीईओ जेन्सेन हुआंग की नेटवर्थ 12.24 लाख करोड़

फोर्ब्स रियल टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट के अनुसार, कंपनी के सीईओ जेन्सेन हुआंग 142.2 बिलियन डॉलर यानी 12.24 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ दुनिया के 8वें सबसे अमीर आदमी हैं।

# संपादकीय

## ‘क्रोनी पूंजीवाद के खिलाफ गडकरी जी की भाषणबाज़ी — साहब, अगर इतनी ही तकलीफ है तो इस्तीफ़ा क्यों नहीं देते?’

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

‘सत्ता में बैठकर सत्ता को कोसना, भारतीय राजनीति की नई एक्टिंग क्लास है — और गडकरी जी इसके मुख्य प्रशिक्षक।’

नितिन गडकरी का हालिया बयान — ‘धन कुछ हाथों में केंद्रित हो गया है’ — सुनकर पहली प्रतिक्रिया यही आती है कि वाह! साहब कितना सच बोलते हैं!

लेकिन दूसरे ही क्षण जब याद आता है कि वो खुद उस सरकार के वरिष्ठ मंत्री हैं, जो इस पूंजी–संचयन के लिए ज़िम्मेदार है — तो मन में एक ही सवाल उठता है :

‘साहब, अगर इतना ही दर्द है, तो इस्तीफ़ा क्यों नहीं दे देते?’

भाषण से नहीं, प्रशासन से बदलाव होता है।

गडकरी जी पिछले 10 वर्षों से सत्ता में हैं।

* क्या एनएचएआई का टेंडर सिस्टम उनके नियंत्रण में नहीं?
* क्या टोल टैक्स की नीतियाँ उनसे जुड़ी नहीं?
* क्या सड़क निर्माण में गुणवत्ता की गिरावट पर उनका कोई दायित्व नहीं?

लेकिन जब कैमरा ऑन होता है — तो साहब ‘सत्ता विरोधी कवि’ बन जाते हैं।

इसे हम क्या कहें — असहायता का अभिनय, लोकतांत्रिक धोखा, या सॉफ्ट विद्रोह का मार्केटिंग अभियान?

### क्रोनी पूंजीवाद : लोकतंत्र का व्यापारिक अपहरण

आज भारत में लोकतंत्र का अर्थ होता जा रहा है —

* सरकार चुनो, वो नीति बनाएगी
* नीति से फायदा होगा कुछ 8–10 घरानों को
* बाकी जनता उस पर बहस करती रह जाएगी

सड़कों से लेकर हवाईअड्डों तक, डेटा से लेकर अन्न भंडारण तक — हर जगह एक ही लॉबी, एक ही चेहरा, एक ही लाभार्थी।

इसको कहते हैं — ‘लोकतंत्र के नाम पर कॉरपोरेट शासन।’

### समाधान क्या है? PROUT (प्रउत), लेकिन यह क्या बला है?

बहुत लोग प्रउत को नहीं जानते।

तो सरल भाषा में समझिए :

PROUT (Progressive Utilization Theory)

= एक ऐसा सामाजिक–आर्थिक दर्शन

= जिसमें सिर्फ़ जीडीपी नहीं, जनमानव का विकास प्राथमिकता है

= जिसमें प्रति व्यक्ति आय के दिगभ्रमित करने वाले आंकड़े नहीं क्रय क्षमता प्राथमिकता है

= जिसमें पूंजी नहीं, न्याय केंद्र में है

= जिसमें संसाधन बाजार के लिए नहीं, जनकल्याण के लिए होते हैं

### PROUT क्या कहता है?

☞ संसाधनों का स्थानीय उपयोग हो — ताकि गांव–गांव में रोजगार हो

☞ धन संचय की सीमा तय हो — कोई अमीर चाँद पर जाए और कोई भूखा मरे, यह मंज़ूर नहीं

☞ सहकारिता आधारित अर्थव्यवस्था हो — ना कि कॉरपोरेट–परस्त व्यवस्था

☞ शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली — ये अधिकार हो, व्यापार नहीं

PROUT कहता है कि जिस समाज में 5 प्रतिशत लोग 90 प्रतिशत संपत्ति के मालिक हों, वो समाज नहीं — शोषणशाला होता है।

गडकरी जी, PROUT को समझिए — भाषण से ज़्यादा ज़रूरी है एक्शन

अगर नितिन गडकरी जी को वास्तव में क्रोनी कैपिटलिज़्म से पीड़ा है, तो :

1. PROUT जैसे वैकल्पिक आर्थिक मॉडल की पैरवी करें
2. कॉरपोरेटपरस्त नीतियों का खुला विरोध करें
3. और साहस हो तो इस्तीफ़ा देकर जनहित की राजनीति करें

### वरना अभी आप जो कर रहे हैं, वो कुछ यूँ है

‘रसोई में खड़े होकर गैस पर उंगली उठाना, लेकिन खुद कुर्सी पर चाय पीते रहना।’

### निष्कर्ष

‘गडकरी का सच, सत्ता का ड्रामा — और जनता अब खामोश नहीं रहेगी’

भारत को सिर्फ़ बोलने वाले नहीं, नीति बदलने वाले नेता चाहिए।

और भारत को सिर्फ़ बजट वाले मॉडल नहीं, न्याय आधारित मॉडल चाहिए —

जिसका नाम है — PROUT।

अगर आप सचमुच परिवर्तन चाहते हैं,

तो किसी गडकरी के बयान से प्रभावित मत होइए —

PROUT जैसे विचारों से जुड़िए और आंदोलन शुरू करिए।




# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ

-ललित गर्ग-



बिहार में इस साल अक्टूबर–नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये–नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना– नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे।

सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद–कांग्रेस–वाम दलों का महागठबंधन ‘माई–बहिन मान योजना’ के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर–शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया।

यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहाँ महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियाँ अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस–पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है। यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थायी उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी।


हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है। तेजस्वी यादव का कहना है कि महिला आरक्षण सही है, लेकिन रोजगार के अवसर कब हैं? सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया वर्षों से लटकी रहती है, परीक्षा की तारीखें टलती हैं, नियुक्ति पत्र देर से आते हैं, ऐसे में आरक्षण का लाभ कब और किसे मिलेगा? उनकी बातों में सच्चाई भी है, क्योंकि प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता भी उतनी ही आवश्यक है जितनी आरक्षण की नीति। यह महिला आरक्षण अब केवल बिहार के स्थायी निवासियों अर्थात डोमिसाइल महिलाओं के लिए ही होगा। यानी जो महिलाएं राज्य की स्थायी निवासी नहीं हैं, उन्हें इस आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा–उन्हें सामान्य श्रेणी में आवेदन करना होगा। इसलिये इसे केवल घरेलू हितों को साधने वाला प्रत्यक्ष प्रचार माना जा रहा है, जिसमें गैर–स्थायी निवासियों को अवसरों से वंचित किया जा रहा है। विपक्ष इस कदम को डोमिसाइल नीति के अनुरूप बताते हुए सवाल उठा रहा है कि क्या इससे सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना नहीं बिगड़ जाएगी?

बिहार में बेरोजगारी चुनावी चर्चा का मुख्य मुद्दा है। युवा खासकर उच्चशिक्षित वर्ग नौकरी की तलाश में है। 35 ? प्रतिशत आरक्षण के साथ–साथ सरकार ने वेकेंसी क्रिएशन, युवा आयोग गठन, कृषि व सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च जैसे उपाय किए है। 2025 के बिहार चुनाव बहुआयामी लड़ाई से परिपूर्ण है, जातिगत समीकरण, युवा और ग्रामीण विकास, मतदाता सूची संशोधन जैसे मुद्दों ने चुनावी माहौल को गहराई दी है। सरकार ने पिछले बजट में ‘महिला हाट’, ‘पिंक बस’, ‘पिंक टॉयलेट’, स्कूल जाने वाली लड़कियों के लिए साइकिल योजनाएं, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए संबल वित्तीय सहायता जैसी महिलाओं को लुभाने वाली योजनाओं के प्रावधान किये हैं। नीतीश सरकार ने चुनावों को देखते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है। अब वृद्ध, दिव्यांग और विधवा महिलाओं को प्रतिमाह 400 रुपए की बजाय 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। इस घोषणा के बाद पूरे बिहार में पेंशन के 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार लाभार्थियों में हर्ष का माहौल दिखाई दे रहा है।

यह कहना उचित होगा कि बिहार की राजनीति इस बार स्थानीयता, जातिगत समीकरण और सामाजिक कल्याण के मिश्रित आरोपणों के बीच गंभीर मुठभेड़ के दौर से गुजर रही है। चुनाव नतीजे यह तय करेंगे कि क्या यह रणनीतियाँ सचमुच सतत परिवर्तन की ठोस बुनियाद रखेंगी, या चुनावी भाषण के बाद हवा में खो जाएँगी। नवीनतम ओपिनियन पोल बताते हैं कि एनडीए फिर सत्ता में लौट सकता है, खासकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच मजबूत समर्थन के चलते। वहीं, महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस, अन्य) जातीय समीकरण (ईबीसी–ओबीसी) का आधार लेकर मुकाबले में है।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3586




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो -3585 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक बूढ़ा समाज सुधारक जेल में बंद युवक चोर को देखकर बोला-‘बेटे! तुम किसी बात की परवाह मत करो. जेल से बाहर निकलोगे तो मैं तुम्हारा पथ-प्रदर्शन करूंगा.’

‘ठीक कहते हैं आप!’ युवक चोर धीरे से बोला-‘दरअसल मुझसे भूल हो गई थी जो आप जैसे बुजुर्गों के पथ-प्रदर्शन के बिना ही इस रोजगार में लग गया.’

□ □ □

एक डाक्टर के पास एक वकील बैठा हुआ था. तभी एक औरत ने आकर डाक्टर से कोई सलाह ली और चली गई. उसके जाने के बाद डाक्टर ने वकील से पूछा-‘क्या मुझे इससे कुछ लेना चाहिये?’

‘क्यों नहीं!’ वकील बोला-‘आखिर तुमने उसे अपनी व्यापारिक सेवाएं प्रदान की हैं.’

‘मैं ऐसा ही करूंगा!’ डाक्टर बोला.

वकील चला गया. फिर अगले दिन डाक्टर जैसे ही बिल बनाने के लिये मेज पर पहुँचा, उसकी नजर एक बिल पर पड़ी. लिखा था-‘कानूनी सेवाओं की फीस तीस रुपये.’ नीचे वकील का नाम और पता लिखा हुआ था.

□ □ □

महिला-‘सुना है आप के सिर में गोबर भरा है.’

आदमी-‘जी हाँ पर क्यों?’

महिला-‘जी मुझे गोबर गैस कनेक्शन लेना है.’

## फिल्म वर्ग पहेली- 3586



### बायें से दायें:-

१. राजकुमार, राजेश खन्ना, माला की फिल्म-३
३. ‘साथिन’ की सच्ची घटना पर आधारित रघुवीर यादव, नंदिता की फिल्म-४
७. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की फिल्म-३
८. ‘मेरे दिल ने जो मांगा मिल गया’ गीत वाली फिल्म-४
९. बलराज, श्यामा की ‘तारों की चूनर’ गीत वाली फिल्म-२,१
११. ‘क्या मैंने सोचा’ गीत वाली संजय, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-२
१२. संजय, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की ‘उन से पूछें’ गीत वाली फिल्म-२
१३. ‘सलमा को मिल’ गीत वाली जैकी, पूनम की फिल्म-३
१४. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की ‘कोयल बोली दुनिया डोली’ गीत वाली फिल्म-४
१६. ‘दिल डूबा डूबा नीली’ गीत वाली अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्याराय का फिल्म-२
१९. अक्षय, करिश्मा की ‘माथे पे चमके’ गीत वाली फिल्म-४
२१. ‘ये चाँद सा’ गीत वाली शम्मी, शर्मिला की फिल्म-३,१,२
२४. अरूण गोविल, साहिला की ‘मेरी चढ़ती जवानी समझे’ गीत वाली फिल्म-२
२७. ‘मेरा कुछ सामान’ गीत वाली शशिकपूर, नसीर, रेखा की फिल्म-४
२९. अक्षय, रवीना की ‘सुबह से लेकर’ गीत वाली फिल्म-३
३०. ‘तू ने कहा जब से’ गीत वाली अक्षय, करीना कपूर की फिल्म-३
३१. अजय, पूजा, सोनाली की ‘हम यहाँ तुम यहाँ’ गीत वाली फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
२. अशोक, बीना की ‘जाता हूँ मैं’ गीत वाली फिल्म-२,१
३. ‘इश्क में दिल’ गीत वाली नसीर, डिम्पल की फिल्म-४
४. सनी, शाहरूख, जूही की फिल्म-२
५. १९९४ में आई मिथुन, गोविंदा, योगिता की एक फिल्म-४
६. जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. ‘आगे सुख तो’ गीत वाली अनिल, विजया की फिल्म-३
१२. विवेक, दीया की ‘दिल ही दिल में’ गीत वाली फिल्म-२
१३. राजकुमार, मीना की फिल्म-३
१४. संजयदत्त, पूजा की ‘जब जब प्यार’ गीत वाली फिल्म-३
१५. ‘घर आजा परदेसी’ गीत वाली फिल्म-३
१७. राजेंद्रकुमार, वहीदा रहमान की ‘ये मौसम भीगा भीगा है’ गीत वाली फिल्म-३
१८. ‘दो नैनों के पंख’ गीत वाली फिल्म-२
२०. सनी, समीरा की ‘नशा है आज’ गीत वाली फिल्म-२
२२. ‘गैर से अंख लड़ाई’ गीत वाली फिल्म-३
२३. विनोद, डिम्पल की ‘चंपई धूप के’ गीत वाली फिल्म-२
२५. ‘मेरा मन भंवरा’ गीत वाली फिल्म-३
२६. मिथुन, अतुल, पूजा की फिल्म-३
२७. ‘देखो देखो जानम हम’ गीत वाली फिल्म-२
२८. सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3585



## सूडोकु -3586

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3585 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 3586



### बाएँ से दाएँ

1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

### ऊपर से नीचे

1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -3585 का हल



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 10 जुलाई 2025
Www.vishalindia.in

# सिटी बस कंपनी का जल्द तय होगा नाम

## शासन को भेजे गए तीन नाम, 500 बसें चलेगी, एसपीवी में 4 डायरेक्टर होंगे शामिल

**नोएडा।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र में 500 सिटी ई बस चलनी है। इसके लिए स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) का गठन किया जा रहा है। यानी एक कंपनी का निर्माण किया जा रहा है। इस कंपनी का नाम क्या होगा। इसके लिए तीन नाम शासन को भेजे गए है।

जिसमें पहला एनजीवाई अर्बन मोबिलिटी सर्विस , जीबीएन इजी राइट सर्विस और जीबीएन ग्रीन ट्रांसपोर्ट है। प्राधिकरण ने कहा कि हमारी प्राथमिकता जीबीएन ग्रीन ट्रांसपोर्ट ही है। बहरहाल अंतिम फैसला शासन तय करेगा।

इसके लिए गठित की जाने वाली एसपीवी में नोएडा ट्रैफिक सेल (एनटीसी) के अलावा तीनों प्राधिकरण के सीईओ डायरेक्टर और सात सब्सक्राइबर होंगे। सात सब्सक्राइबर में तीनों प्राधिकरण के एक-एक एसीईओ को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा एक एफसी भी होंगे। एक बार एसपीवी का गठन होने के बाद पहली बोर्ड में बाकी स्टॉफ की नियुक्ति की जाएगी। जिसके बाद शहर में 500 ई बसों का संचालन होगा।



### सलाहकार कंपनी करेगी बस स्टैंड सर्वे

इस बसों के लिए नोएडा के सेक्टर-82 और 90 में डिपो बने है। यहीं पर ई-बसों के लिए चार्जिंग स्टेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। बसो के लिए कैसा स्ट्रक्चर होना चाहिए और बस स्टैंड कहा कहा बने इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन किया जाएगा।

प्राधिकरण सात सलाहकार कंपनियों को लैटर भेज रहा है। जिसमें डिम्स, यूएमटीसी, क्रिजिम, सीआईआरटी, राइट्स, सीआरआर आई, आईआईटी दिल्ली है। इनमें किसी एक को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

### 25 रूटों को किया गया फाइनल

ये बस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा जनपद के 25 रूटों पर चलेंगी। इसमें से 300 बस नोएडा , 100 बस ग्रेटर नोएडा और 100 बस यीडा में चलेंगी। बसों का संचालन जीसीसी मॉडल किया जाएगा। इसके लिए दो कंपनियों का चयन किया गया है। पहली ट्रैवल टाइम मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ये 9 मीटर लंबी बस 54.90 रुपए प्रति किमी की दर से चलाएगी। दूसरी डेलबस मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ये 12 मीटर लंबी बस 67.99 रुपए प्रति किमी की दर से बस चलाएगी।

बसो के संचालन के लिए नोएडा , ग्रेटरनोएडा और यीडा के बीच एसपीवी का गठन 48 प्रतिशत ,26 प्रतिशत और 26 प्रतिशत के इक्विटी योगदान के साथ होगा या इसमें कमी या बढ़ोतरी की जा सकती है। 12 मीटर स्टैंडर्ड फ्लोर की 250 और 9 मीटर की स्टैंडर्ड फ्लोर की 250 ई बस शामिल है।

### सालाना प्रति बस चलेगी 72 हजार किमी

ये प्रोजेक्ट 675 करोड़ का है। इसमें कंपनी को ई बस , फास्ट चार्जर (240 किलोवॉट), प्लांट , इक्यूपमेंट टूल्स और डिपो मेनटेनेंस के लिए है। कंपनी को 12 साल तक बसों का संचालन करना होगा। कंपनी को सालाना प्रति बस 72000 किमी की रनिंग करनी होगी।

बताया गया कि इस टेंडर के जरिए ग्रॉस कास्ट कांट्रेक्ट (जीसीसी) मॉडल बस आपरेटर का सिलेक्शन किया गया है।

# नोएडा पुलिस की तीन बदमाशों से मुठभेड़

**एक बदमाश के पैर में लगी गोली, कांबिंग के बाद दो गिरफ्तार, घर में करते है चोरी**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 पुलिस डीएलएफ मॉल के पास चैकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बिना नंबर प्लेट ब्रेजा कार को रुकने का इशारा किया।

वो नहीं रुके और मौके से भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने 900 मीटर तक उनका पीछा किया। बदमाश कार से भागते हुए सेक्टर 18 नोएडा स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के समीप जंगल की ओर पहुंचे।

वहां बदमाशों ने अपने को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

### वॉर्निंग के बाद पुलिस ने किया फायर

पुलिस ने कई बार वार्निंग दी। लेकिन वो नहीं माने पुलिस ने जवाबी फायर किया। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। वो जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अशरफ उर्फ अजय निवासी बिसरख ग्रेटर नोएडा हुई। उसके दो साथी अंधेरे में भागने लगे। कांबिंग के दौरान उन दोनों को भी गिरफ्तार किया गया।

इनकी पहचान आरिफ उर्फ तसलीम और सलमान उर्फ आसिफ के हुई। दोनों ऐटा के रहने वाले है। इनके कब्जे से एक- एक तमंचा, चोरी के 45000 रुपए नगद बरामद किए गए।

### घरों में रेकी कर करते चोरी

पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि हम तीनों लोग मिलकर दिन में घरो की रेकी करते है। मौका मिलने पर घरों में चोरी कर लेते है।

हम लोगों ने दिल्ली एवं नोएडा क्षेत्र के कई घरों में चोरी की कई घटनाएं की है। इस गाड़ी का नंबर प्लेट हटाकर घटना करने के लिए निकलते है और घटना को अंजाम देते है। जहां भी चोरी की घटना करते है वहां रेकी के लिए वाहन को दो किमी पहले छोड़ देते है। इसके बाद पैदल घूमकर रेकी करते है।

# नोएडा में सिलेंडर फटने से मकान में लगी आग

**100 लोगों को बचाया गया, छह दमकल की गाड़ियों ने दो घंटे में पाया काबू**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-87 के नया गांव में एक मकन में आग लग गई। आग मकान के प्रथम तल पर लगी। आग की वजह एलपीजी सिलेंडर से गैस का लीक होना और सिलेंडर फटना था। जिसकी वजह से तेजी से आग लगी। मकान में कई कमरे बने हुए है। जिसमें लोग रहते है। करीब 100 लोग छत पर पहुंचे। गनीमत रही कि इस आग की चपेट में कोई नहीं आया।

लोगो ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही अलग-अलग फायर स्टेशन से दमकल की छह गाड़ियों को रवाना किया। इसके अलावा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म भी भेजा गया। आग को काबू पाने में करीब दो घंटे लग गए। जिसके बाद लोगों को सावधानी से बाहर निकाला गया। धुआं भरने से एंटी स्मोक गन का प्रयोग करके आग को बाहर निकाला गया। सीएफओ ने बताया कि आग से किसी प्रकार की कोई बर्न इंजरी या कोई फंसा नहीं है।

### चार मंजिला है भवन

जिस भवन में आग लगी वो चार मंजिला का बना हुआ है। उसमें कई कमरे बने है। जिनमें लोग रहते है। आग एलपीजी रिसाव के बाद सिलेंडर फटने से लगी। धमाका हुआ और आग तेजी से फैली। जिसके बाद लोग मकान की छत वर चढ़ गए।

## जेवर में एक महीने में ही टूटी नई सड़कें

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई नई सड़कें महीने भर में ही टूटने लगी हैं। नवादा से अमरपुर तक जाने वाली सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के प्रदेश महासचिव मास्टर दिनेश नागर ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने एक महीने पहले इस सड़क का निर्माण किया था। दनकौर-सिकंदराबाद रोड से बिजली घर के सामने यमुना एक्सप्रेसवे तक जाने वाली सड़क भी 15 दिन पहले ही बनी थी। यह सड़क भी कई जगहों से टूट गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग ने घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है। इस मामले में क्षेत्रीय समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग की है।

# किसानों की महापंचायत 30 जुलाई को दनकौर में

## नोएडा और यमुना प्राधिकरण की नीतियों के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में किसान आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। दनकौर में 30 जुलाई को महापंचायत आयोजित की जाएगी। बुधवार को इसकी तैयारियों को लेकर बैठक हुई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अर्जुन प्रधान ने बैठक की अध्यक्षता की। सूबेराम मास्टर ने संचालन किया। किसान सैकड़ों ट्रैक्टरों और वाहनों के साथ महापंचायत में शामिल होंगे। प्राधिकरणों की नीतियों के विरोध में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को महापंचायत के लिए प्रेरित करेंगे।



संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी पवन खटाना ने कहा कि ग्रेटर नोएडा, नोएडा और यमुना प्राधिकरण किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। बैठक में रोबिन नागर, लाला यादव, धर्मपाल स्वामी, सुरेंद्र नागर और अनित कसाना समेत सैकड़ों किसान उपस्थित थे। किसानों ने अपनी मांगों के लिए निर्णायक संघर्ष का संकल्प लिया है।

# नोएडा में रोपित किए गए 12 लाख पौधे

## राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर बोले- 'पौधरोपण के साथ उनका संरक्षण भी हमारा नैतिक दायित्व'

**नोएडा।** एक पेड़ मां के नाम के तहत नोएडा में निर्धारित लक्ष्य 10 लाख 54 हजार 600 पौधे रोपित करने का था। लेकिन 12 लाख से ज्यादा पौधे रोपित किए गए। पौधरोपण सेक्टर 43 एवं सेक्टर 54 ग्रीन बेल्ट में किया गया। इस मौके पर ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर सांसद सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, डीएम मनीष वर्मा मौजूद रहे।

इस मौके पर मौलश्री, लॉजिस्टोनिया, अमलतास, गुलर, पिलखन, बरगद आदि के पौधे रोपित किए गए। सेक्टर 43 ग्रीन बेल्ट में त्रिवेणी की स्थापना भी की।



राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने अपने कहा कि आज का यह दिन हम सबके लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणा का दिन है। पौधरोपण महाभियान-2025 का यह आयोजन न केवल एक पर्यावरणीय अभियान है। बल्कि यह हमारे भविष्य को संरक्षित करने की दिशा में उठाया गया एक सशक्त और ऐतिहासिक कदम है। मैं इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण को राष्ट्र निर्माण के केंद्र में रखा और हम सबको 'हरित भारत - स्वच्छ भारत' के संकल्प से जोड़ा।

### हर पौधे की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

उन्होंने कहा कि दूरदर्शिता और मुख्यमंत्री की नेतृत्व क्षमता के चलते उत्तर प्रदेश आज पौधरोपण के क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी राज्य बन गया है। करोड़ों वृक्षों का रोपण केवल आंकड़ा नहीं, यह हमारी धरती माता के प्रति हमारी श्रद्धा है। भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

# जेवर एयरपोर्ट विस्तार पर किसानों का विरोध

**जेवर।** जेवर में बन रहे नोएडा एयरपोर्ट के तीसरे और चौथे चरण के लिए मुस्तफाबाद के जूनियर हाईस्कूल में जन सुनवाई आयोजित की गई। ग्रामीणों ने एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी दुर्गेश सिंह को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। गांव के समाजसेवी संजीव शर्मा और प्रमोद शर्मा ने चोरौली व अलावलपुर में प्रस्तावित विस्थापन का विरोध किया। ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि गांव का विस्थापन न किया जाए। अगर विस्थापन अनिवार्य है, तो प्रभावित आबादी को विस्थापित न होने वाली आबादी और यमुना एक्सप्रेस-वे के बीच बसाया जाए।



ग्रामीणों की अन्य प्रमुख मांगें हैं :
- घर व घेर के बराबर प्लॉट की मांग
- मुआवजा राशि में वृद्धि
- प्रभावित परिवार के हर बालिग सदस्य को एयरपोर्ट में स्थाई नौकरी या 12 लाख रुपये
- यमुना प्राधिकरण में किसान कोटे में शामिल करने की मांग

# एसएसबी जवान समेत 4 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

## छात्रों को ड्रग्स बेचते थे, 25 लाख की एमडीएमए बरामद

एजेंसी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान समेत चार लोगों को ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोपी कॉलेज के छात्रों को एमडीएमए ड्रग्स की आपूर्ति करते थे। पुलिस ने इनके पास से 25 लाख रुपये कीमत की 600 ग्राम ड्रग्स बरामद की है।

एडीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, सोमवार रात को गुर्जरपुर रेलवे अंडरपास के पास से चारों आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों में खुर्शेदपुरा गांव के रोहित कुमार, कृष्ण, लवकुश और वीरपुरा गांव का नकुल शामिल हैं।

गैंग का सरगना एसएसबी जवान रोहित कुमार जम्मू-कश्मीर से ड्रग्स लाता था। नकुल नॉलेज पार्क के एक कॉलेज में लैब टेक्नीशियन है। कृष्ण परचून की दुकान चलाता है और लवकुश साइबर कैफे संचालक है। रोहित, कृष्ण और लवकुश एक ही गांव के रहने वाले हैं।

नकुल कॉलेज में अपनी पहुंच का इस्तेमाल कर छात्रों को ड्रग्स बेचने में मदद करता था। सभी आरोपी ड्रग्स बेचने से होने वाली कमाई आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए इस गिरोह का भंडाफोड़ किया।

## स्वास्थ्य कर्मी से शादी का वादा कर दुष्कर्म

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक स्वास्थ्य कर्मी के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक प्राइवेट अस्पताल में कार्यरत पीड़िता ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी युवक पिछले कई महीनों से अस्पताल आता था। दोनों की मुलाकात और बातचीत के दौरान युवक ने शादी का वादा किया। इसके बाद पीड़िता आरोपी के साथ रहने लगी। आठ महीने बीतने के बाद आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। उसने पीड़िता को अपने घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि युवक ने उसके अश्लील वीडियो भी बना लिए हैं। पुलिस में शिकायत करने पर आरोपी ने इन वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। बुधवार को पीड़िता ने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।


# नोएडा में निवेश में मुनाफा दिखाकर 34 लाख ठगे

## साइबर क्राइम पुलिस से की शिकायत, इंस्टाग्राम पर मिला था मैसेज

नोएडा। नोएडा में निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से 34 लाख रुपए की ठगी हो गई। पीड़ित ने साइबर सेल पुलिस से शिकायत की है। जिन खातों में पैसा ट्रांसफर किया गया है, उनकी डिटेल निकाल रही है।

पीड़ित रामबहादुर सेक्टर-120 प्रतीक लारेल सोसाइटी में रहते है। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनके पास इंस्टाग्राम पर एक मैसेज आया था। ये मैसेज एसबीआई सिक्योरिटीज के नाम से था। बतौर इसका एक लिंक था।

जिस पर क्लिक करते ही एक फोन नंबर आया और चेटिंग शुरू हो गई। चेटिंग के दौरान उसने शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ के बारे में जानकारी दी। साथ ही कहा कि आज आप एक लाख रुपए लगाएंगे तो 1.15 लाख रुपए मिलेगा।



लालच में आकर 20 मई 2025 को 5 हजार रुपए लगाए। जो बढ़कर 5448 हो गए। इसके बाद फंड एड करते रहे। धीरे धीरे करके करीब 10 से ज्यादा बार ट्रांजैक्शन करके 34 लाख रुपए ट्रेडिंग में लगा दिए। इसके बाद ट्रेडिंग अकाउंट से पैसा निकालने के लिए कहा तो सामने वाले ने कमीशन के लिए 23.89 लाख रुपए मांगे। उसने कहा इतने पैसे जमा कर दीजिए और सारा पैसा निकाल लीजिए।

### सिक्योरिटी ऑफिस ने बताया हो गया फ्रॉड

इसके बाद हम सेक्टर-18 स्थित एसबीआई सिक्योरिटीज के ऑफिस पहुंचे। वहां बताया गया कि ऐसा कोई प्लान और काम यहां नहीं होता। शिकायत में बताया इन लोगों ने एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया है। जिस पर पहले से 83 लोग जुड़े थे।

# शार्ट न्यूज

## दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर नहीं मिली: ग्रेटर नोएडा में विवाहिता की हत्या, पति समेत 6 पर केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जमालपुर गांव में एक विवाहिता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि दहेज में प्लॉट और फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के भाई भोलू ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन पूजा की शादी 5 साल पहले जमालपुर गांव निवासी विनय से हुई थी। शादी में दिए गए दहेज से ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था। इसी कारण पूजा पिछले 8 महीने से अपने मायके में रह रही थी। करीब 15 दिन पहले आरोपी पूजा को वापस ससुराल ले गए थे। मंगलवार को उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर बुधवार को पति विनय, ससुर सुंदर, सास सुरेश, जेठ कपिल, जेठानी बबली और ननद स्वाति के खिलाफ केस दर्ज किया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## नोएडा पुलिस ने लुटेरे को मारी गोली



**नोएडा।** नोएडा थाना सेक्टर-49 पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान सेक्टर-76 की तरफ चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक को रुकने का इशारा किया। वह नहीं रुका, बल्कि मोटर साइकिल को पीछ मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर पुलिस फोर्स ने पीछा किया। बदमाश ने अपने आप को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायर किया। इधर पुलिस पार्टी ने जवाबी फायर किया। तभी बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान सुशील कुमार उर्फ टेरा निवासी हापुड़ के तौर पर हुई। कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर और एक चोरी की मोटरसाइकिल सुपर स्पलैंडर बरामद की गई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पकड़ा गया बदमाश शातिर किस्म का चोर और लुटेरा है। अब तक नौ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

## नोएडा में पुलिस की बदमाश से मुठभेड़

नोएडा। नोएडा में पुलिस की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। बदमाश पर दिल्ली एनसीआर में करीब 18 मुकदमे दर्ज है। पुलिस इसके साथी की तलाश कर रही है। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने सेक्टर-54 एलिवेटेड रोड के नीचे बैरियर लगाकर चैकिंग कर रही थी। एनटीपीसी की तरफ से एक स्कूटी सवार व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने संदिग्ध प्रतीत होने पर उसको रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देखकर पीछे मुड़कर सेक्टर-54 के जंगल की तरफ भागने का प्रयास करने लगा। बदमाश की स्कूटी असंतुलित होने के कारण वह टकराकर गिर गई। बदमाश ने अपने को घिरता देखकर तमंचे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम ने जवाबी एक्शन लेते हुए फायर किया। बदमाश के पैर में गोली लगी। वो जमीन पर गिर गया। पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया। घायल बदमाश की पहचान रवि निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली हुई। उसकी उम्र करीब 29 साल है। बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा बिना नंबर प्लेट लगी चोरी की एक स्कूटी व एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

## यमुना प्राधिकरण का पर्यावरण संरक्षण अभियान



**जेवर।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने बुधवार को सेक्टर 32 में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह और यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह ने हिस्सा लिया। जेवर विधायक ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण की रक्षा करते हैं। वे हमारे जीवन और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को संवारते हैं। यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने क्षेत्र को हरित और स्वच्छ औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए वृक्षारोपण को प्राथमिकता देने की बात कही। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने भी भागीदारी की। सीईओ ने कहा कि इस तरह की पहल से बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। अभियान के दूसरे चरण में धनौरी वेटलैंड में वन विभाग ने वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने इस अभियान का शुभारंभ किया। दोनों स्थानों पर कुल 50 हजार पौधे लगाए गए। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने का प्रयास

## प्लॉट म्यूटेशन के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

जेवर। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र में एक नया भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। गांव पचोकरा के निवासी ने सदर तहसील की नायब तहसीलदार जोत सनहा सिंह पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। गौरव नाम के युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी मनीष वर्मा को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर शिकायत की है। उन्होंने गांव निलौनी-शाहपुर में खसरा संख्या 929 में 200 गज का प्लॉट खरीदा था। 26 फरवरी 2025 को प्लॉट का म्यूटेशन कराने के लिए सदर तहसील में आवेदन किया। हल्का लेखपाल की रिपोर्ट के बाद फाइल नायब तहसीलदार के पास पहुंची। आरोप है कि उन्होंने दाखिल खारिज के लिए 20 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित के मना करने पर उन्होंने धमकी दी कि विक्रेता से फाइल पर आपत्ति लगवा देंगी। इससे म्यूटेशन की प्रक्रिया में लाखों रुपये खर्च करने पड़ेंगे। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले रिश्वत न देने पर नायब तहसीलदार ने एक किसान की पिटाई करवाई थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



# यूपी में बिजली दरों में बढ़ोतरी प्रस्ताव पर जनसुनवाई

## उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पहुंचे, टैरिफ बढ़ाने को लेकर उपभोक्ता और औद्योगिक क्षेत्र के लोगों ने रखी बात

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी पर पहली जनसुनवाई बुधवार को कानपुर में हुई। यह सुनवाई आर्य नगर बीएस पार्क स्थित टीसीएच में आयोजित की गई। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने अन्य सदस्यों ने सुनवाई की ।सूबे के पांच डिस्कॉमों में से केस्को पहली बैठक का आयोजन आज किया गया।




बिजली कंपनियों ने दरों में 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है । इस पर लोगों से टैरिफ बढ़ाने को लेकर उपभोक्ताओं और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोग से विचार लिए गए।

जनसुनवाई में यूपीपीसीएल और केस्को की वित्तीय स्थिति की समीक्षा भी की गई ।साथ ही उपभोक्ताओं ने अपनी आपत्तियों और उनके पक्ष पर भी विचार रखा।

केस्को की ओर से प्रबंध निदेशक अपना पक्ष रखा। उपभोक्ता हित में उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा भी अपने तर्क प्रस्तुत किया। केस्को ने आम उपभोक्ताओं को भी अपनी बात रखने के लिए आमंत्रित किया। बड़ी सोसाइटी के पदाधिकारियों को भी बुलाया था।

## सहारनपुर में बंद मकान की छत पर मिला कन्या भ्रूण

**सहारनपुर।** सहारनपुर के कोतवाली मंडी क्षेत्र में बुधवार शाम को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। कमेला स्थित पीरवाली गली में एक बंद मकान की छत पर कन्या भ्रूण मिला। स्थानीय निवासी ने जब छत पर भ्रूण देखा तो तुरंत आवाज लगाई। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भ्रूण को अपने कब्जे में लिया। इसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी ने मकान की छत पर भ्रूण फेंक दिया है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि किसी अविवाहित लड़की का गर्भपात हुआ होगा। पुलिस आरोपी की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। मामले की जांच जारी है।

# हापुड़ में दरोगा ने युवक को मारा थप्पड़

## एसपी ने किया लाइन हाजिर, सीओ को दिए जांच के आदेश

हापुड़। हापुड़ के सिम्भावली थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में उस समय सनसनी फैल गई जब एक पुलिस दरोगा द्वारा युवक को सरेआम थप्पड़ मारने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दरोगा मेहंत राज यादव, जो कि विवाद सुलझाने पहुंचे थे। बिना किसी उकसावे के एक युवक को जोरदार थप्पड़ जड़ देते हैं। वीडियो में दरोगा यादव जमीन व रास्ते के पुराने विवाद को लेकर मौके पर मौजूद हैं। फोन पर किसी लेखपाल से बातचीत कर रहे होते हैं, तभी बगल में खड़े युवक को थप्पड़ मारते हैं। फिर भी दरोगा का यह व्यवहार गांव की महिलाओं और अन्य ग्रामीणों के सामने होता है।

घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कानून के रक्षक ही खुद नियम तोड़ेंगे, तो आम जनता कहां जाए। ये तो खुलेआम जुल्म है।

एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया। दरोगा मेहंत राज यादव को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सीओ स्तर से प्रारंभिक जांच के आदेश दिए हैं।

एसपी ने कहा कि पुलिस की गरिमा को बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अगर जनभावनाओं को आहत करता है, तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर में महिला की हत्या, जीभ काट दी

**कानपुर।** कानपुर में लूट के बाद महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। महिला का खून से सना शव बेड पर पड़ा था। मुंह से खून निकल रहा था। पास में ही कटी जीभ पड़ी थी।

महिला के पति का कहना है कि वह बाजार गए थे। 2 घंटे बाद लौटे तो पत्नी का शव घर की पहली मंजिल के कमरे में मिला। पत्नी 6 साल से बीमार थी। उसे पैरालाइसिस था। बदमाश गले से ढाई तोले की सोने की चेन, कान के झुमके, दो अंगूठी भी ले गए। अलमारी में रखे 2 लाख नकद और 4 लाख के जेवर भी ले गए। पड़ोसियों ने घटना की सूचना दी। पुलिस जब पहुंची तो महिला के पति बालकनी में खड़े थे। जिस कमरे में लाश मिली उसकी लाइट बंद थी। पड़ोसियों ने महिला के पति पर ही हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दोपहर 2 बजे महिला को देखा था। उन्होंने ढाई बजे पुलिस को मर्डर की सूचना मिली। पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। पति से पूछताछ कर रही है। घटना बजरिया थाना क्षेत्र के रामबाग कॉलोनी की है। हरसहाय जगदंबा इंटर कॉलेज के केमिस्ट्री के रिटायर्ड हेड ऑफ डिपार्टमेंट सुनील कुमार मिश्रा रामबाग में पत्नी प्रेमलता मिश्रा (71) के साथ अकेले रहते थे। सुनील मिश्रा ने बताया कि वह दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बाजार से आम खरीदने निकले।

# लखनऊ में एसटीएफ ने 2 चरस तस्कर पकड़े

## 10 लाख की 1.54 किलो चरस बरामद, नेपाल की जेल से चला रहे गैंग

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने लखनऊ में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चरस तस्करी करने वाले 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 1.54 किलो चरस बरामद हुई है। इसकी इंटरनेशनल मार्केट में कीमत 10 लाख रुपए है।

एसटीएफ गिरोह के अन्य सदस्यों के विषय में जानकारी जुटा रही है। यह लोग नेपाल से चरस लाकर यूपी के जिलों में बेचते थे। यह गिरोह नेपाल की जेल में बंद आरोपी के पिता नेपाल के तस्कर की मदद से चला रहा है।

### कानपुर से लखनऊ सप्लाई के लिए आए थे

एसटीएफ के पुलिस उपाधिक्षक प्रमेश कुमार शुक्ल ने बताया- मुखबिर की सूचना पर अन्तर्राष्ट्रीय चरस तस्कर गोरखपुर के खजनी रकौली निवासी मनीष तिवारी और बिहार सारन के मढौरा निवासी सुधीर पांडेय को पकड़ा गया है।



यह लोग चरस लेकर कानपुर से लखनऊ आए थे। यहां से गोरखपुर होते हुए नेपाल जाते। उससे पहले मुखबिर की सूचना पर विभूतिखंड स्थित विराज टावर के पास से पकड़ लिया गया।

### नेपाल वीरगंज जेल में बंद है आरोपी का पिता

पूछताछ में तस्कर मनीष त्रिपाठी ने बताया कि उसके पिता संतोष ढाई सालों से नेपाल के वीरगंज जेल में एक एक्सीडेंट के मामले में बंद हैं। जहां सुधीर पांडेय भी दो साल तक उनके साथ बंद रहा।

जहां से इन लोगों का नेपाल वीरगंज निवासी संजीत शाह चरस तस्कर से पहचान हो गई।

पिता संतोष तिवारी के कहने पर सुधीर के जेल से छूटने के बाद उसके साथ मिलकर चरस की तस्करी करने लगा। सुधीर ने बताया कि वह मनीष त्रिपाठी के साथ कानपुर नौबस्ता से संजीत शाह के निर्देश पर चरस लेने गया था।

### रुपया नहीं होने से डील नहीं हुई

जहां पैसा न होने पर पूरी डील नहीं हो सकी और केवल 1.54 किलो चरस लेकर ही निकल लिया। जिसको गोरखपुर में हरियाणा रोहतक निवासी बलजीत उर्फ ताऊ के लड़कों को देना था।

आरोपियों के खिलाफ विभूतिखंड थाने में मामला दर्ज किया गया है। एसटीएफ की टीम गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

# लखनऊ में रियल स्टेट कारोबारी ने खुद को गोली मारी

## सिर के चीथड़े उड़ गए, फेसबुक लाइव में बोला- 15 करोड़ का कर्जा है

**लखनऊ।** लखनऊ में एक रियल स्टेट कारोबारी ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। बुधवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे वह अपने दफ्तर में बैठा था। गार्ड को कोल्ड ड्रिंक लाने का बहाना बनाकर उसे बाहर भेज दिया।

इसी बीच कारोबारी ने गार्ड की 12 बोर की बंदूक उठाई और अपनी कनपटी से सटाकर फायर कर दिया। इससे कारोबारी के सिर के चीथड़े उड़ गए। सुसाइड से 15 मिनट पहले कारोबारी ने फेसबुक लाइव पर 15 करोड़ के घाटे का जिक्र किया था। एक पार्टनर पर परेशान करने का आरोप भी लगाया। सूचना पर एडीसीपी पूर्वी, एसीपी गाजीपुर, फोरेंसिक टीम और इंस्पेक्टर गुडंबा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।


शहबाज अहमद, मृतक

### गार्ड बोला- ऑफिस आए तो नॉर्मल थे शहबाज

विकास नगर निवासी शहबाज (36) पुत्र शकील अहमद जमीन खरीद-फरोख्त का काम करते थे। शहबाज विकास नगर के आनंद टाइल इलाके के रहने वाले थे। महज 200 मीटर की दूरी पर टेढ़ी पुलिया चौराहा स्थित सैनिक प्लाजा में उनका अपना ऑफिस है। परिवार में पिता शकील अहमद, पत्नी नादिया (34 साल) और तीन बेटियां अकीबा (6 साल), अकीदा (4 साल) और अबीरा (3 साल) और भाई शहनवाज हैं। शहबाज ने चोखेलाल को बतौर गार्ड रखा था। वे कहीं बाहर जाते तो चोखेलाल उनके साथ रहता था।

## लूलू मॉल के कैश मैनेजर ने युवती से रेप किया

**लखनऊ।** लखनऊ में लूलू मॉल के कैश मैनेजर ने महिला कर्मचारी के साथ रेप किया। इसका वीडियो बना लिया, वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कैश और ज्वेलरी हड़प लिए। इसके बाद धर्मांतरण का दबाव बनाने लगा। ऐसा नहीं करने पर गाली-गलौज और मारपीट की। सिगरेट से शरीर पर कई जगह दागा। धर्मांतरण नहीं करने पर नौकरी से निकालने की धमकी भी दी। पीड़िता ने 7 जुलाई को सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी कैश मैनेजर मो. फरहाज उर्फ फराज (27) को 8 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से रामनगर, पहाड़गंज घोसियाना, जिला अयोध्या का रहने वाला है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में 25 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि मैं मूल रूप से सुलतानपुर जिले की रहने वाली हूं। मैं लूलू मॉल में नौकरी करती हूं। मॉल का कैश सुपरवाइजर फरहाज उर्फ फराज कुछ माह पहले बहाने से मुझे अपने घर ले गया। वहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। मैं अचेत हो गई तो फरहाज ने मेरे साथ साथ रेप किया। इसका उसने वीडियो बना लिया। वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर कैश और गहने ले लिए।

# उपजिलाधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष ने एक पेड़ मां के नाम लगाए



**ललितपुर।** पाली कस्बा पाली में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पाली घटवार मार्ग श्मशान घाट एवं गौशाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। उपजिलाधिकारी/ अधिशाषी अधिकारी निशांत तिवारी नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने नगर पंचायत पार्षदों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। अधिशाषी अधिकारी निशांत तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने के लिए व शुद्ध वातावरण बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को साल में कम से कम दो वृक्ष लगाना चाहिए। ताकि आने वाली पीढ़ी भी पर्यावरण बचाओ एवं सुरक्षित रख सके। नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने कहा कि नगर के प्रत्येक व्यक्ति को अपने जिम्मेदारी समझते हुए एक-एक वृक्ष लगाकर उनके बच्चों की तरह देखभाल करें ताकि आने वाले भविष्य में वह वृक्ष आपके लिए छाया के साथ-साथ फूल फल सुगंध और शांतिपूर्ण स्वस्थ पर्यावरण मिल सके।

# डीआईजी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक मुहिम के तहत चन्दन वन बार में वृक्षारोपण किया

## डीआईजी रेंज झाँसी के निर्देशन में लक्ष्य से अधिक पौधे किये गए रोपित

**ललितपुर।** झांसी उ0प्र0 शासन के द्वारा चलाये जा रहे वृहद वृक्षारोपण अभियान पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान-2025 (एक पेड़ मां के नाम) के तहत पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे रोपित करने के वृहद लक्ष्य को अधिक से अधिक सफल बनाये जाने हेतु 09- जुलाई को पुलिस उप महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी केशव कुमार चौधरी द्वारा ललितपुर के चन्दन वन थाना बार में वृक्षारोपण कर आमजनता को भी अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किये जाने की अपील की गई। पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं जन अभियान-2024 के तहत 09. जुलाई को झाँसी रेंज के जनपद झाँसी, जालौन एवं ललितपुर की पुलिस द्वारा वन विभाग के सहयोग से वृहद स्तर पर निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक लगभग 1 लाख से अधिक पौधे रोपित कर वृक्षारोपण अभियान में अपना योगदान दिया गया है। डीआईजी द्वारा बताया गया कि झाँसी रेंज के जनपद झाँसी, जालौन एवं ललितपुर की पुलिस द्वारा थाना स्तर पर भी पूरे वर्षाऋतु काल में इसी प्रकार वृक्षारोपण अभियान निरन्तर जारी रखा जायेगा। पुलिस द्वारा प्रत्येक वर्ष हजारों पौधे रोपित किये जाते है। शासन की मंशानुसार चलाये जा रहे इस वृक्षारोपण अभियान को अधिक से अधिक सफल बनाये जाने हेतु परिक्षेत्र की पुलिस को पूर्ण मनोयोग से इस कार्य में अपना योगदान दिये जाने के निर्देश दिये गए है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो0 मुशताक व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।



# झांसी में 12 साल का बच्चा पहूंच नदी में डूबा

## दोस्तों के साथ नहाने गया था, 30 घंटे बाद 12 किमी दूर मिली लाश

**झांसी।** झांसी में 12 साल के बच्चे की पहूंच नदी में डूबने से मौत हो गई। वह अपने 4 दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था।

नहाते वक्त गहरे पानी में चला गया और डूब गया। 30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे की लाश 12 द्मद्म दूर मिली है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला चिरगांव थाना क्षेत्र के पट्टी कुम्हरा गांव का है।

चिरगांव थाना क्षेत्र के पट्टी कुम्हरा गांव निवासी चंद्रकांत अहिरवार ने बताया मेरा 12 साल का बेटा अतुल उर्फ दद्दू गांव के प्राइमरी स्कूल में चौथी क्लास में पढ़ता था। मंगलवार सुबह करीब 7 बजे अपने 4 दोस्तों के साथ पहूंच नदी में नहाने के लिए गया था। उसे तैरना भी आता था।

मगर बहाव तेज होने की वजह से वह संभल नहीं पाया और पानी में डूब गया। साथियों ने जानकारी दी। तब सब लोग मौके पर पहुंच गए और बेटे की तलाश शुरू कर दी।

### 30 घंटे बाद मिली लाश

पिता ने आगे बताया कि हम लोग लगातार उसे ढूंढ रहे थे, मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा। आज सुबह से वोट के जरिए उसकी तलाश शुरू की गई। करीब 30 घंटे बाद चंदार गांव के पास बेटे अतुल की लाश मिली है। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। 4 भाइयों में अतुल सबसे छोटा था। पिता मजदूरी करते हैं। बेटे की लाश मिलने के बाद मां अर्चना बेहोश हो गई।

## सहारनपुर में 8 साल की बच्ची से छेड़छाड़

सहारनपुर। सहारनपुर के थाना जनकपुरी क्षेत्र में एक मकान मालिक ने शराब के नशे में 8 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ की। मंगलवार की देर रात की इस घटना में बच्ची आंगन में खेल रही थी। इस दौरान नशे में धुत मकान मालिक ने बच्ची को बदनीयती से पकड़ लिया। बच्ची के शोर मचाने पर जब परिवार के लोग पहुंचे, तो आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता के परिजन उसे लेकर थाना जनकपुरी पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। परिजनों ने दुष्कर्म की आशंका भी जताई है।

# मारुति और एंडेवर में जबरदस्त टक्कर, 1 की मौत

**अयोध्या।** अयोध्या में मारुति और एंडेवर कार में टक्कर में मारुति सवार एक महिला की मौत हो गई है, जबकि चार घायल हैं। कार सवार रामलला का दर्शन कर आजमगढ़ वापस जा रहे थे। थाना महाराजगंज के मया बाजार टांडा बाईपास पर हादसा हुआ है।

एक्सीडेंट इतनी जोरदार थी कि टक्कर होने के बाद दोनों गाड़ियां सड़क के बगल खेत में जाकर पलट गई। घायल को सीएचसी मया बाजार से दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।पारिवारिक जन को सूचना दे दी गई है। सड़क दुर्घटना मे मृतक महिला की पहचान ईरा सिंह पत्नी स्वर्गीय हरिश्चंद्र सिंह (69) वर्ष निवासी भीलमपुर छपरा थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है।

जबकि घायलों में समीर सिंह पुत्र स्वर्गीय हरिश्चंद्र सिंह उम्र करीब 36 वर्ष, तथा पुष्पा पांडे पत्नी भूपन पांडे उम्र करीब 55 वर्ष हैं।

# शार्ट न्यूज

## दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना महरौनी पर पंजीकृत 0208/2025 धारा 64/115(2)/351(3)/61(2) बीएनएस. में वांछित अभियुक्त- देशराज पुत्र लालचन्द्र उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम विरधा थाना कोतवाली ललितपुर जनपद ललितपुर को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम विरधा राजा राम मन्दिर के पास बहद ग्राम विरधा थाना कोतवाली ललितपुर जिला ललितपुर से गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तारी करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह थाना महरौनी,निरीक्षक निर्भयचन्द्र का. मोहित कुमार का. मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## कानपुर में बाइक से गिरने से वृद्ध की मौत

**कानपुर।** कानपुर के साढ़ थाना क्षेत्र में एक वृद्ध की मौत का मामला सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि बाइक से गिरने के कारण सिर में लगी चोट से मौत हुई है। 60 वर्षीय कालीदीन पासवान अपनी नातिन प्रिया को सवायजपुर के डॉक्टर के यहां ले जा रहे थे। उनके साथ बहू किशन दुलारी और एक रिश्तेदार भी था। काली मंदिर के पास पहुंचते ही कालीदीन बाइक से गिर गए। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने पारिवारिक भतीजे पर बाइक से गिराकर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया था। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने फोरेंसिक टीम से घटनास्थल की जांच कराई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बुधवार देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर चोट से मौत की पुष्टि हुई है। इस रिपोर्ट के बाद पुलिस की जांच का रुख बदल गया है। पुलिस अब इसे हादसे में मौत का मामला मान रही है। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है।

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर अतिक्रमण हटाया

**संभल।** संभल में प्रशासन ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। प्रशासन ने मार्ग पर करीब 2000 मकान और दुकानों को चिह्नित किया है। एसडीएम विकास चंद्र और तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई मोहल्ला रायसत्ती से शुरू की गई। यह अभियान थाना नखासा क्षेत्र के मोहल्ला रायसत्ती और तिमरदास क्षेत्र में चलाया गया। प्रशासन ने पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया था। नोटिस का पालन न करने पर प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी। समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के निकट भी अतिक्रमण हटाया गया। एसडीएम विकास चंद्र ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए चिह्नित मार्ग पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। यात्रियों की सुविधा के लिए इस अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रास्ते को चौड़ा करना जरूरी है। तहसील प्रशासन का यह अभियान रायसत्ती से चंदौसी रोड तक चलेगा। कांवड़ यात्रियों के मार्ग में आने वाले सभी क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल मच गई है।

## हज 2026 के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू

**कानपुर।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज 2026 के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कानपुर के डीटीएस इंटर कॉलेज जाजमऊ में जायरीनों के लिए शुल्क फॉर्म भरने की सुविधा उपलब्ध है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। इस बार पहली बार शॉर्ट टाइम हज का विकल्प दिया गया है। यह लगभग 20 दिन का होगा। इसमें मदीना शरीफ में 2-3 दिन की रिहायश का प्रबंध होगा। 20 दिन के हज का खर्च 40 दिन के हज से अधिक होगा। शॉर्ट टाइम हज के लिए सीटें सीमित हैं और इसके लिए अलग से लॉटरी निकाली जाएगी। शॉर्ट टाइम हज में चयन होने के बाद जायरीन इसे 40 दिन के सामान्य हज में बदल सकते हैं। मक्का-मदीना में रिहायश के दौरान हज कमेटी ऑफ इंडिया वैकल्पिक भोजन सेवा प्रदान करेगी। इसके लिए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। एक कवर ग्रुप में 1 से 5 जायरीन आवेदन कर सकते हैं। 65 वर्ष से अधिक आयु की रिजर्व श्रेणी में 2 या 4 हाजी आवेदन कर सकते हैं।

## झोलाछाप के इलाज से महिला की मौत

**कानपुर।** कानपुर के घाटमपुर में एक झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई। सजेती थाना क्षेत्र के दुर्गागंज की रहने वाली लवली की तबीयत खराब थी। बुधवार सुबह रडौली निवासी झोलाछाप अनूप शुक्ला ने उन्हें इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगते ही महिला की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें पहले निजी अस्पताल और फिर सीएचसी ले गए। वहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही झोलाछाप मौके से फरार हो गया। मृतका के परिजन और ग्रामीण सीएचसी पहुंच गए। उन्होंने झोलाछाप की गिरफ्तारी की मांग की। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो लोगों ने शव को स्ट्रेचर पर रखकर मुगल रोड पर रख दिया और जाम लगा दिया। एसडीएम मनीष कुमार और एसीपी कृष्ण कांत ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। उन्होंने मृतका के चारों बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने जाम खत्म कर दिया। सजेती थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश जारी है।

## मेरठ में कई इलाकों मे झमाझम बारिश

**मेरठ।** सुबह से ही रुक रुक कर बारिश हो रही है। सुबह भी हल्की बारिश हुई थी और अब हल्की बारिश पड़ रही हैं। जिसकी वजह से जगह-जगह जल भराव हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार रात को भी बारिश होगी। हस्तिनापुर मेरठ मे गंगा नदी का जलस्तर हस्तिनापुर में 66,000 क्यूसेक तक पहुंच गया है। जिससे खादर क्षेत्र समेत तटीय गांवों में बाढ़ का खतरा गहराने लगा है। पिछले 24 घंटों में अगर जलस्तर में बढ़ोतरी हुई तो बाढ़ का खतरा हो सकता है। और मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार आने वाले दिनों में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, आज रात मेरठ में हल्की से मध्यम बारिश होगी। बारिश का दौर रात 10 बजे तक जारी रह सकता है, हालांकि कुछ क्षेत्रों में रुक-रुक कर बूंदाबांदी देर रात तक देखी जा सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून सक्रिय है, जिसके चलते अगले 24 घंटों में भी बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। मौसम विभाग और जल आयोग के अनुसार ऊपरी क्षेत्रों विशेषकर बिजनौर बैराज और उत्तराखंड से छोड़े गए पानी के कारण गंगा का प्रवाह तेज हो गया है।

## संभल में 12 हजार सीसीटीवी कैमरे लगे

**संभल।** संभल में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जनपद में 12 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सावन के सोमवार और शिवरात्रि पर कांवड़ियों के जलाभिषेक के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। थाना नखासा के फत्तेहपुर भाऊ स्थित श्री प्रकेटेश्वर महादेव मंदिर और थाना असमोली क्षेत्र के गुमसानी स्थित श्री शिव मंदिर के मार्गों को दुरुस्त किया जा रहा है। पालिका प्रशासन कांवड़ मार्ग से अतिक्रमण हटा रहा है। एसडीएम सदर विकास चंद्र ने लेखपाल-कानूनगो के साथ बैठक की। आईपीएस आलोक भाटी के साथ मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। कांवड़ मार्गों पर होटल और ढाबों की निगरानी खाद्य सुरक्षा विभाग करेगा। टीमें भंडारों की भी जांच करेंगी। कांवड़ियों के मार्ग पर सीसीटीवी के अलावा ड्रोन कैमरों से भी निगरानी होगी। सभी कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। अधिकारी लगातार गश्त करेंगे। 11 तारीख से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए मार्गों की साफ-सफाई की गई है। चामुंडा मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों के आस-पास बैरिकेडिंग और रोशनी की व्यवस्था की गई है। कांवड़ियों के जत्थों के साथ लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई है। जहां सीसीटीवी कैमरे नहीं थे, वहां लगाने के आदेश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने एचटीएस से हटाया विदेशी आतंकवादी संगठन का दर्जा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने सीरिया के हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) से विदेशी आतंकवादी संगठन का दर्जा हटा लिया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सीरिया पर प्रतिबंधों को हटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 23 जून को जारी इस ज्ञापन पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हस्ताक्षर किए है। इसे मंगलवार को आधिकारिक तौर पर फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित किया जाएगा।पिछले साल दिसंबर में एचटीएस ने अन्य इस्लामी विद्रोहियों के साथ मिलकर सीरिया के तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से हटा दिया था। एचटीएस के तत्कालीन नेता अहमद अल-शरा अब सीरिया के राष्ट्रपति हैं। उन्होंने सीरिया को एक समावेशी व लोकतांत्रिक देश बनाने की इच्छा जताई है। यह कदम ट्रंप की ओर से पिछले सप्ताह सीरिया पर अमेरिकी प्रतिबंधों को समाप्त करने वाले कार्यकारी आदेश के बाद आया है। इसका उद्देश्य देश को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली से अलगाव खत्म करना और विनाशकारी गृहयुद्ध के बाद पुनर्निर्माण में मदद करना है।

### काहिरा में टेलिकॉम कंपनी की बिल्डिंग में भीषण आग, 14 लोग घायल

**काहिरा, एजेंसी।** मिस्र की राजधानी काहिरा के बीचोंबीच स्थित प्रमुख टेलिकॉम कंपनी टेलिकॉम इजिप्ट की 10 मंजिला इमारत में सोमवार को भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर कम से कम 14 लोग घायल हो गए, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हेल्थ मिनिस्ट्री के अनुसार, घायलों में दो आपातकालीन कर्मी भी शामिल हैं जिन्हें हाथों में जलने के कारण इलाज की जरूरत पड़ी। आग सातवीं मंजिल पर स्थित एक उपकरण कक्ष से शुरू हुई और देखते ही देखते फैल गई। घटना काहिरा के रामसेस इलाके में हुई। घटना के बाद पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया। मौके पर कई एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। दमकलकर्मी सीढ़ियों के सहारे ऊपरी मंजिलों तक पहुंचे और पानी की तेज बौछार से आग पर काबू पाया। इस आग से इंटरनेट, मोबाइल फोन और ऑनलाइन पेमेंट सेवाओं में कुछ समय के लिए रुकावट आई। टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ने कहा है कि सेवाएं कुछ घंटों में पूरी तरह बहाल कर दी जाएंगी।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में तीन ऑयल टैंकरों को अगवा किया, सात क्रू मेंबरों का अपहरण

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन तेल टैंकरों को अगवा कर लिया और सात क्रू मेंबरों का अपहरण कर लिया। यह घटना बन्नू जिले के टुच्ची ब्रिज इलाके में मरवत नहर के पास हुई, जो उत्तरी वजीरिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) सलीम खान कुलाची ने बताया कि ये काफिला उत्तरी वज़ीरिस्तान से आ रहा था, तभी अज्ञात हमलावरों ने रास्ता रोककर तीनों ऑयल टैंकरों को कब्जे में ले लिया और सात कर्मचारियों को उठा ले गए। पुलिस ने बक्का खेल थाने में एफआईआर दर्ज कर ली है और इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। अब तक किसी भी संगठन ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है और न ही किसी फिरौती की मांग सामने आई है। बन्नू जिले में हाल के दिनों में हिंसा बढ़ी है। पिछले हफ्ते एक जिरगा (पारंपरिक पंचायत) पर गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हुए थे। वहीं इस महीने की शुरुआत में ग़ोरीवाला कस्बे में एक पुलिसकर्मी की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### अमेरिका में रह रहे 80,000 होंडुरास और निकारागुआ नागरिकों की टीपीएस सुरक्षा खत्म

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में रह रहे करीब 80,000 होंडुरास और निकारागुआ नागरिकों की अस्थायी संरक्षित स्थिति (टीएसपी) सुरक्षा खत्म करने का फैसला किया है। यह लोग 1998 में आए विनाशकारी तूफान मिच के बाद से अमेरिका में रह रहे थे और 25 वर्षों से उन्हें काम करने और देश में रहने की अनुमति मिली हुई थी। मामले में अब ट्रंप प्रशासन का कहना है कि इन देशों की स्थिति पहले से बेहतर हो गई है, इसलिए इन्हें अब अपने देश लौट जाना चाहिए। यह फैसला अमेरिका की आव्रजन सख्ती नीति का हिस्सा है, जिसके तहत ट्रंप प्रशासन अधिक से अधिक लोगों को निर्वासन (डिपोर्ट) के योग्य बना रहा है। टीपीएस यानी टेम्परेरी प्रोटेक्टेड स्टेटस एक अस्थायी सुरक्षा होती है जो अमेरिका में कुछ देशों के नागरिकों को दी जाती है, यदि उनके देश में युद्ध, आपदा या अन्य गंभीर संकट हो। यह सुरक्षा डिपोर्ट से बचाव और काम करने की अनुमति देती है, लेकिन नागरिकता का रास्ता नहीं देती। अब बात अगर ट्रंप प्रशासन के इस फैसले से प्रभावित होने वाले लोगों की करें तो इससे 72,000 होंडुरास और 4,000 निकारागुआ नागरिकों को यह सुरक्षा मिली हुई थी। टीपीएस एलायंस का कहना है कि कई लोग अब वैध निवास पा चुके हैं, इसलिए करीब 40,000 होंडुरास नागरिक सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। सुरक्षा की अवधि 5 जुलाई को समाप्त हो चुकी है और अब 60 दिनों के भीतर यह पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

### ट्रम्प भारतीय मूल के ममदानी से बोले- तमीज से पेश आइए, मेयर उम्मीदवार ने कहा था- नेतन्याहू न्यूयॉर्क आए तो गिरफ्तार होंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय मूल के डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट और न्यूयॉर्क मेयर उम्मीदवार जोहरान ममदानी को तमीज से पेश आने की हिदायत दी है। ट्रम्प ने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा कि वह (ममदानी) सोशलिस्ट नहीं हैं, वह कम्युनिस्ट हैं। उन्होंने यहूदी लोगों के बारे में कुछ बहुत बुरी बातें कही हैं। मुझे लगता है कि वह इस समय हनीमून पीरियड पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने न्यूयॉर्क सिटी से ममदानी की मेयर पद की उम्मीदवार को लेकर कहा, वह जीत नहीं पाएंगे। अगर जीत भी गए तो उन्हें फंड की जरूरत पड़ेगी। लेकिन यह सब व्हाइट हाउस के जरिए आता है। उन्हें व्हाइट हाउस के जरिए पैसे की जरूरत है। उन्होंने अपना व्यवहार ठीक नहीं किया को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।दरअसल, ममदानी ने यहूदी विरोधी विचारधारा को लेकर कहा था कि, अगर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू न्यूयॉर्क आए, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है।

## ट्रम्प ने टैरिफ डेडलाइन 1 अगस्त तक बढ़ाई

# बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ लगाया



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को घोषणा की है कि वे ग्लोबल टैरिफ बढ़ाने की अंतिम तारीख 9 जुलाई से बढ़ाकर 1 अगस्त कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बांग्लादेश-जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान भी किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30प्रतिशत से 40प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया गया है।

दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके देश से आने वाले सामान पर अब 25प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके।

ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10प्रतिशत बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी गई है।

**भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द :** न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरोपीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विटजरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं।

**यूएस ने 2 देशों के साथ शुरुआती ट्रेड डील की :** अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0प्रतिशत टैरिफ लगाएगा।

वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20प्रतिशत ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

**जापान-साउथ कोरिया से नहीं हुई ट्रेड डील :** जापान और साउथ कोरिया अमेरिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं।

ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, अमेरिका ने ब्रिटेन और चीन के साथ समझौता किया है। अब भारत के साथ भी व्यापार समझौते पर पहुंचने के करीब है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने फिर से दावा किया कि उनकी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच एक बहुत बड़ी लड़ाई को रोक दिया। उन्होंने कहा, हमने दोनों देशों से कहा कि अगर आप आपस में लड़ेंगे, तो हम आपके साथ कोई व्यापारिक संबंध नहीं रखेंगे। वे शायद परमाणु युद्ध के स्तर पर थे। इसे रोकना बहुत जरूरी था। चीन ने अमेरिका से कहा- धमकी मत दो ट्रम्प की टैरिफ चेतावनी का ब्रिक्स के प्रमुख देश चीन ने कड़ा विरोध किया है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक मंच पर एक सकारात्मक संगठन है।

निंग ने कहा, चीन किसी भी प्रकार के टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैरजरूरी दबाव डालने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। भारत-अमेरिका वॉशिंगटन में बातचीत कर रहे ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ लगाया था, बाद में इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया गया। इसकी डेडलाइन 9 जुलाई 2025 को खत्म हो रही थी, जिसे 1 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया गया है।इसे ध्यान में रखते हुए भारत और अमेरिका के बीच भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। अगर 1 अगस्त से पहले यह समझौता नहीं हुआ, तो भारत पर 26प्रतिशत टैरिफ लागू हो सकता है। भारत और अमेरिका की टीमें लगातार वॉशिंगटन में बातचीत कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि डील के ज्यादातर हिस्सों पर सहमति बन चुकी है, और 8 जुलाई को इसका ऐलान हो सकता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखेगा।

## नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में बाढ़ : 12 नेपाली, 6 चीनी लापता



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल-चीन बॉर्डर पर भोटेकोशी नदी में मंगलवार सुबह करीब 3 बजे अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 18 लोग लापता हैं, जिसमें 12 नेपाली और 6 चीनी नागरिक हैं। 12 नेपालियों में 3 पुलिसकर्मी, 9 नागरिक हैं। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। बाढ़ में नेपाल को चीन से जोड़ने वाला मेन पुल मिटेरी ब्रिज भी ढह गया। इसमें कस्टम पोर्ट पर खड़ी कई गाड़ियां नदी के तेज बहाव में बह गईं।

मिटेरी ब्रिज से चीन-नेपाल के बीच रोजाना लाखों रुपए का व्यापार होता था। पुल बह जाने से नेपाल को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। बाढ़ में पासंग ल्हामू हाईवे पर भी कई जगह लैंडस्लाइड हुआ। अधिकारियों के अनुसार, सड़क का बड़ा हिस्सा नदी के साथ बह गया है। बाढ़ से नेपाल का रसुवाजिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां परिवहन और रेस्क्यू ऑपरेशन, दोनों को दिक्कत हो रही है।

सशस्त्र पुलिस बल नेपाल ने बताया कि भोटेकोशी नदी के बढ़ते पानी ने तिमुरे में एक ईवी चार्जिंग स्टेशन से आठ इलेक्ट्रिक वाहन और रासुवा कस्टम्स यार्ड से नौ कंटेनर इकाइयों को भी बहा दिया। रसुवा के रासुवागढ़ी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स को भी नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण 200 मेगावाट तक बिजली उत्पादन पूरी तरह रुक गया है।

**भोटेकोशी नदी में बहा ब्रिज :** मैत्री पुल नेपाल और चीन को कनेक्ट करने वाला मुख्य ब्रिज था। भोटेकोशी नदी पर बना यह पुल नेपाल के रसुवा जिले को चीन से जोड़ता था। हालांकि, भारी बारिश के कारण भोटेकोशी नदी में बाढ़ के हालात बन गए। बीती रात तकरीबन 3:15 बजे पुल भी बाढ़ में बह गया।

## पेट्रो ने अमेरिका से रिश्ते सुधारने के लिए ट्रंप को भेजा सफाई पत्र, साजिश के आरोपों से झाड़ा पल्ला



**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने जून में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक गोपनीय पत्र भेजा। इस पत्र में उन्होंने कहा कि उनकी किसी भी टिप्पणी का मकसद अमेरिकी अधिकारियों पर तख्तापलट की साजिश का आरोप लगाना नहीं था। यह पत्र 23 जून को लिखा गया था और सोमवार को कोलंबियाई मीडिया में लीक हो गया। बता दें कि यह पत्र पेट्रो के उस भाषण के बाद आया, जिसमें उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो पर अपनी सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया था।

हालांकि, अब पत्र में उन्होंने कहा है कि उनकी बात को गलत तरीके से समझा गया और उनके बयान का मकसद किसी पर सीधा आरोप लगाना नहीं था। उन्होंने अमेरिका-लैटिन अमेरिका सम्मेलन बुलाने की भी बात कही।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि ट्रंप ने यह पत्र देखा है या नहीं।

### दोनों देशों के रिश्ते को मजबूत करने के लिए पत्र एक कोशिश

मामले में कोलंबिया की विदेश मंत्री लौरा साराबिया ने पुष्टि की कि यह पत्र दोनों देशों के रिश्ते मजबूत करने की कोशिश का हिस्सा था। लेकिन इसी हफ्ते अमेरिका ने कोलंबिया में अपने शीर्ष राजनयिक को वापस बुला लिया, यह कहते हुए कि कोलंबियाई सरकार के उच्च स्तर से बेबुनियाद और निंदनीय बयान दिए गए हैं। जवाब में कोलंबिया ने भी अमेरिका से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है।

### कोलंबिया और अमेरिका की साझेदारी

बता दें कि कोलंबिया और अमेरिका दशकों से ड्रग्स के खिलाफ अभियान में साझेदार रहे हैं। अमेरिका ने बीते 20 वर्षों में कोलंबिया को 13 अरब डॉलर से ज्यादा की मदद दी है। लेकिन 2022 में पेट्रो के सत्ता में आने के बाद से रिश्तों में बदलाव आया है। पेट्रो जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ ऊर्जा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### कोलंबिया और अमेरिका के रिश्ते में तनाव

गौरतलब है कि जनवरी में पेट्रो और ट्रंप में तब टकराव हुआ जब कोलंबिया ने अमेरिका से भेजे गए दो डिपोर्टेशन फ्लाइट्स को उतरने नहीं दिया। ट्रंप ने इसके जवाब में 25त्न टैरिफ की धमकी दी, लेकिन दोनों देशों के बीच बातचीत से मामला सुलझ गया। इसके बाद हाल ही में पेट्रो ने दो अमेरिकी सांसदों पर भी तख्तापलट की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे दोनों ने खारिज किया।

इस संबंध में सामने आए ऑडियो लीक की जांच कोलंबियाई प्रशासन ने शुरू कर दी है। ऐसे में यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब कोलंबिया में कोकीन उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, 2023 में कोलंबिया की कोका खेती का क्षेत्र 2.53 लाख हेक्टेयर हो गया, जो 2020 की तुलना में 40प्रतिशत अधिक है।

## इजराइल ने ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट किया : नेतन्याहू बोले- आप इसके हकदार



**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है। नेतन्याहू ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में ट्रम्प से मुलाकात के दौरान इसकी जानकारी दी।

नेतन्याहू ने कहा, मैं आपको वह लेटर दिखाना चाहता हूं जो मैंने नोबेल पुरस्कार कमेटी को भेजा है। इसमें आपको शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। आप इसके हकदार हैं। आपको यह मिलना चाहिए। नेतन्याहू ने बताया कि उन्होंने यह फैसला मिडिल ईस्ट में शांति के लिए ट्रम्प की तरफ से की जा रही कोशिशों के मद्देनजर किया है। इजराइल से पहले पाकिस्तान ने 20 जून को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प के नाम की सिफारिश की थी।

इससे पहले ट्रम्प भी कई बार कह चुके हैं कि उन्होंने कई देशों के बीच जंग रुकवाई और उन्हें नोबेल मिलना चाहिए। उन्होंने 22 जून को कहा था, मुझे नोबेल शांति पुरस्कार 4-5 बार मिलना चाहिए था। लेकिन वे मुझे ये पुरस्कार नहीं देंगे क्योंकि वे इसे केवल लिबरल्स को देते हैं। ट्रम्प ने दोहराया- भारत-पाक समेत कई देशों के विवाद निपटाए राष्ट्रपति ट्रम्प ने मंगलवार को फिर से दावा किया कि उनकी सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच एक बहुत बड़ी लड़ाई को रोक दिया। इसके साथ ही उन्होंने कोसोवो-सर्बिया और रवांडा-कांगो के बीच संघर्ष रोकने का दावा किया। ट्रम्प ने कहा- हमने कई झगड़े रोके, जिनमें भारत और पाकिस्तान का बहुत बड़ा विवाद शामिल था। हमने दोनों देशों से कहा कि अगर आप आपस में लड़ेंगे, तो हम आपके साथ कोई व्यापारिक संबंध नहीं रखेंगे। वे शायद परमाणु युद्ध के स्तर पर थे। इसे रोकना बहुत जरूरी था।

पाकिस्तान आर्मी चीफ ने कहा था- ट्रम्प ने भारत-पाक संघर्ष रुकवाया पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने 18 जून को ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में मुलाकात की थी। यह मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है। उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था।

इसके दो दिन बाद पाकिस्तानी सरकार ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा कि ट्रम्प ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों से बात कर संघर्षविराम में अहम भूमिका निभाई। इससे दो न्यूक्लियर ताकत वाले देशों के बीच युद्ध की आशंका टल गई। पाकिस्तान ने कहा कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ट्रम्प की कूटनीतिक पहल और मध्यस्थता ने एक बड़े युद्ध को टालने में मदद की।सितंबर में शुरू होगा नोबेल प्राइज के लिए नॉमिनेशन नोबेल प्राइज 2026 के लिए ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन सितंबर में शुरू किए जाएंगे। हालांकि, अभी अंतिम तारिख का ऐलान नहीं किया गया है।

## रूस के पूर्व परिवहन मंत्री ने गोली मारकर आत्महत्या की, पुतिन ने कुछ घंटे पहले ही मंत्रिमंडल से हटाया था, भ्रष्टाचार का आरोप था



**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के पूर्व परिवहन मंत्री रोमन स्टारोवोइट ने सोमवार को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। रूस की ताश न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें कुछ घंटे पहले ही बिना कारण बताए पद से बर्खास्त कर दिया था। उन पर भ्रष्टाचार का आरोप था।

अधिकारियों ने बताया कि स्टारोवोइट को मॉस्को के पास ओडिंटसोवो में मृत पाया गया। फिलहाल घटना की पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। रूस की जांच समिति ने बताया कि स्टारोवोइट का शव उनकी कार में मिला।

स्टारोवोइट की जगह एक पूर्व गवर्नर आंद्रेई निकितिन को अस्थायी परिवहन मंत्री नियुक्त किया गया है। स्टारोवोइट परिवहन मंत्री बनने से पहले पांच साल तक यूक्रेन की सीमा से सटे कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर थे।

**स्टारोवोइट पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे :** रूसी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार स्टारोवोइट की बर्खास्तगी का कारण 5-6 जुलाई को हुए यूक्रेनी ड्रोन हमलों को माना जा रहा है। यूक्रेनी ड्रोन हमलों की वजह से देशभर में लगभग 300 उड़ानें रद्द कर दी गई थीं। यूक्रेनी हमलों में रूस के उस्त-लुगा बंदरगाह पर एक टैंकर में भी विस्फोट हुआ था। विस्फोट के कारण 6 जुलाई को अमोनिया का रिसाव हुआ, जिससे दिक्कतें और ज्यादा बढ़ गईं।

वहीं, स्टारोवोइट की बर्खास्तगी को कुर्स्क में भ्रष्टाचार के मामलों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। कुर्स्क में स्टारोवोइट के गवर्नर पद छोड़ने के कुछ महीनों बाद यूक्रेनी सैनिकों ने वहां हमला किया था, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रूस में सबसे बड़ा विदेशी हमला था। इसी समय स्टारोवोइट पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। स्टारोवोइट के बाद कुर्स्क के नए गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव पर अप्रैल में पैसों की हेराफेरी का आरोप लगा।

**रूस का यूक्रेन पर 550 मिसाइल और ड्रोन से हमला :** रूस ने यूक्रेन पर 4 जुलाई की सुबह 500 मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इनमें से 270 मिसाइलों को हवा में मार गिराया गया। इनके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया गया। ये ड्रोन ईरान में बने हैं।

इस हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव ही थी। कीव के अलावा दिनप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचा। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले में 23 लोग घायल हुए। इनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस हमले से कीव के कई इलाकों में अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, एक अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई की सुबह तक जारी रहीं।

जवाबी कार्रवाई करते हुए यूक्रेन ने भी 5-6 जुलाई को रूस के कई ठिकानों पर ड्रोन हमला किया था, जिसमें रूस के बंदरगाह को निशाना बनाया गया था।

**यूक्रेन का दावा- रूस के 41 विमानों को तबाह किया :** यूक्रेन ने जून में रूस के 41 लड़ाकू विमानों को तबाह किया था। यूक्रेनी वेबसाइट कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन ने रूस के मरमंस्क में ओलेन्या एयर बेस, इरकुत्स्क में बेलाया एयर बेस, इवानोवो में इवानोवो एयर बेस और अमूर व डायगिलेवो एयर बेस को निशाना बनाया।

रूस का बेलाया एयरबेस यूक्रेनी सीमा से 4 हजार किमी से भी ज्यादा दूर है। यह रूस के साइबेरिया इलाके में स्थित है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी (एसबीयू) ने इस हमले को अंजाम दिया, जिसमें एफपीवी (फर्स्ट-पर्सन-व्यू) ड्रोन्स का इस्तेमाल किया गया। इसमें ए-50, टीयू-95 और टीयू-22 जैसे स्ट्रैटजिक बॉम्बर्स को निशाना बनाया गया।

एसबीयू के एक अधिकारी ने कहा कि यह हमला उन्होंने खुद के बचाव में किया है, क्योंकि ये रूसी विमान अक्सर यूक्रेनी शहरों पर बम गिराते हैं। रूस ने इस हमले की पुष्टि की है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, नुकसान की लागत 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (17 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा) हो सकती है।

# भारत-इंग्लैंड तीसरा टेस्ट आज से: लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण पिच पर होगी बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा

**लंदन (एजेंसी)।** शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाजों को इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में लॉर्ड्स की चुनौती पूर्ण पिच पर सफलता हासिल करने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करना होगा जबकि जसप्रीत बुमराह की वापसी से मेजबान टीम के बल्लेबाजों की भी कड़ी परीक्षा होगी।

इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट जबकि भारत ने बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच जीता था और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला अभी बराबरी पर है। भारत की दूसरे मैच में 336 रन से जीत के बाद हालांकि समीकरण काफी बदल गए हैं। भारत ने अभी तक दोनों मैच में अधिकतर समय अपना दबदबा बनाए रखा है और अगर उसने पहले टेस्ट मैच में कुछ कैच नहीं छोड़े होते और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो वह श्रृंखला में 2-0 से आगे होता।

नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम की अनुभवहीनता को देखते हुए लग रहा था कि इंग्लैंड की टीम उस पर हावी रहेगी लेकिन अभी तक जिस तरह से भारत ने प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए उसे रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी नहीं खली जिन्होंने इस श्रृंखला से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इससे भारत की मजबूत बेंच स्ट्रेंथ का भी पता चलता है।

गिल एंड कंपनी द्वारा बनाए गए रनों के पहाड़ ने बेन स्टोक्स की सपाट पिच तैयार करके विपक्षी टीम को मुकाबले से बाहर करने की रणनीति पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर कर दिया।

सपाट पिचों पर भारतीय बल्लेबाजों की जबरदस्त सफलता मेजबान टीम के लिए नुकसानदेह साबित हुई है। अब उन्हें ऐसे विकेट पर खेलना पड़ सकता है जिस पर अच्छी सीम मूवमेंट की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा, प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में ऊपर-नीचे जाने वाली ढलान की अनोखी चुनौती भी है। बुमराह और जोफ्रा आर्चर की वापसी से बल्लेबाजों का काम और कठिन हो जाएगा। आर्चर चार साल में इंग्लैंड के लिए अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं।

बल्लेबाजी विभाग में भारतीय टीम के लिए ज़्यादा चिंता की कोई बात नहीं है, सिवाय करुण नायर के फॉर्म के, जो लेंथ से उछलती गेंदों के सामने थोड़े असहज दिखे हैं। इंग्लैंड यशस्वी जायसवाल की शॉर्ट पिच गेंदों से परीक्षा लेने की कोशिश करेगा लेकिन पूरी संभावना है कि भारतीय सलामी बल्लेबाज रन बनाने का कोई न कोई तरीका निकाल ही लेगा। भारत की अंतिम एकादश में एकमात्र अपेक्षित बदलाव प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह का आना होगा।

लीड्स के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों की प्रभावशीलता पर गंभीर सवालिया निशान उठे थे, लेकिन आकाशदीप, मोहम्मद सिराज और बुमराह की तिकड़ी आक्रमण को एक शक्तिशाली रूप देती है। दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लेकर आकाश दीप ने इंग्लैंड में स्वप्निल शुरुआत की और हर समय विकेट को निशाना बनाने की उनकी आदत को देखते हुए घरेलू टीम के बल्लेबाजों को इस चतुर गेंदबाज के खिलाफ अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता होगी।




सिराज को 2021 में लॉर्ड्स में अपने मैच जीतने वाले प्रयास से आत्मविश्वास मिलेगा, जबकि बुमराह सबसे सपाट पिचों पर भी खतरनाक साबित होते हैं और यहां तो परिस्थितियां उनके अनुकूल हो सकती हैं।

एजबेस्टन में भारत ने तीन ऑलराउंडर खिलाए, जिनमें रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के रूप में दो स्पिनर शामिल थे। यह जोड़ी आगे भी बने रहने की संभावना है। भारतीय टीम में नितीश रेड्डी एकमात्र तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर होंगे जिनका मुख्य कौशल बल्लेबाज़ी है।

जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण और मजबूत होगा। पूरी तरह से फिट होने के बाद, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन भी टीम में वापस आ गए हैं। इंग्लैंड ने आर्चर को टीम में शामिल करके अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश की है। वह टीम में जोश टंग की जगह लेंगे। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में एकमात्र यही बदलाव किया है।

इंग्लैंड के बल्लेबाजों में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली पर दबाव होगा जबकि कप्तान बेन स्टोक्स से भी अधिक रन की उम्मीद है, जिन्होंने गेंदबाजी में लय हासिल करने में ज्यादा समय नहीं लगाया लेकिन उनकी बल्लेबाजी के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। अब तक श्रृंखला में दर्शकों की संख्या असाधारण रही है और लॉर्ड्स में भी स्टेडियम खचाखच भरे रहने की संभावना है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

**इंग्लैंड की अंतिम 11 :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।

## जसप्रीत बुमराह वापसी को तैयार, लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया




**लंदन (एजेंसी)।** लंदन ‒ जसप्रीत बुमराह वापसी के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं क्योंकि भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने लॉर्ड्स टेस्ट से पहले नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। उन्होंने लगभग 45 मिनट तक गेंदबाजी करने के बाद बाएं हाथ की स्पिन और थ्रोडाउन के खिलाफ बल्लेबाजी का भी अभ्यास किया। कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन में यह स्पष्ट कर दिया था कि गेंदबाजी के बोझ के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहने वाले बुमराह फिर से मैदान पर उतरेंगे।

तीसरे टेस्ट से पहले टीम के पहले सत्र में बुमराह काफी जोश में नजर आए। उन्होंने लगातार अपने साथी खिलाड़ियों और कई बार भारतीय मीडिया से भी बातचीत की। पूरी संभावना है कि एकादश में प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह को मौका दिया जाएगा। बुमराह ने सत्र में धीरे-धीरे पूरी ताकत से गेंदबाजी की लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने और भी कड़ी मेहनत की और करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। पिच से बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। ऐसे में यह देखना होगा कि भारत एजबेस्टन की तरह दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरता है या नहीं। नितीश रेड्डी चौथे तेज गेंदबाज के विकल्प थे। गिल, लोकेश राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया। पहले दो टेस्ट मैच खेलने वाले सिराज ने भारतीय तेज गेंदबाजों में सबसे अधिक ओवर फेंके हैं। सिराज हमेशा मैदान पर अपना शत प्रतिशत देते हैं लेकिन भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि उनके काम के बोझ का प्रबंधन किया जाएगा।

कोटक ने कहा, ‘काम के बोझ का प्रबंधन केवल बुमराह के लिए नहीं है। हर गेंदबाज की फिटनेस, हर गेंदबाज की समस्या अलग होती है। लेकिन मुझे लगता है कि बीच में पर्याप्त आराम मिलता है। इस मैच के बाद लंबा ब्रेक है। लेकिन सिराज ऐसे खिलाड़ी हैं जो बहुत गेंदबाजी करते हैं।% ल्लेबाजों में करुण नायर और साई सुदर्शन ने लंबे समय तक बल्लेबाजी की। नायर ने अब तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

## सीरीज को लेकर अभी कुछ नहीं कह सकते : गांगुली

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि अभी से ये नहीं कहा जा सकता है कि एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज कौन सी टीम जीतेगी। अभी दोनो ही टीमें 1-1 से बराबरी पर हैं। वहीं 3 मैच होने हैं जिससे सीरीज के परिणाम तय होंगे। दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम की जीत के बाद गांगुली स्वदेश लौट आए थे। उन्होंने भारतीय टीम के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की है। साथ ही कहा कि आगे के मैचों में भी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी पर कहा कि सीरीज में अभी तीन मैच शेष हैं, इसलिए परिणाम के बारे में अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। गांगुली ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम पहले दो मैचों की तरह ही तीसरे मैच में भी अच्छी बल्लेबाजी करेगी। साथ ही, उम्मीद करता हूं कि टीम 20 विकेट लेने में भी सफल रहेगी, जिससे जीत मिलने की संभावना बढ़ जाये। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि अगले टेस्ट में जसप्रीत बुमराह भी टीम में आ जाएंगे। इससे हमारी गेंदबाजी और भी बेहतर हो जाएगी और हम इंग्लैंड के 20 विकेट आसानी से ले सकेंगे।

## शुभमन गिल ने लगाई 15 स्थान की लम्बी छलांग, टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक हमवतन जो रूट को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग के अनुसार एजबस्टन में पहली पारी में 158 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने साथी जो रूट को पछाड़ कर जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है और अब रूट से 18 अंक आगे हो गए हैं। जो रूट अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दूसरे टेस्ट में 269 और 161 रनों की ऐतिहासिक पारियां खेलने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 15 स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ 807 रेटिंग अंक हैं। इसके अलावा केन विलियमसन (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीवन स्मिथ (पांचवें) हैं। अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 184 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ को भी फायदा हुआ है, वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ऑलराउंडर वियान मुल्डर को बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों, दोनों की रैंकिंग में फायदा हुआ है।



## श्रीलंका के शीर्ष स्पिनर हसरंगा बंगलादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर

कैंडी । श्रीलंका के शीर्ष स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोट के कारण बंगलादेश के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गए है। बंगलादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीच मैच में श्रीलंका को मैच में वापसी दिलाने हसरंगा आखिरी एकदिवसीय मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मेजबान टीम श्रीलंका ने यह एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीती ली थी। हसरंगा के स्थान पर अभी तक किसी अन्य खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है। वह कोलंबो लौटकर हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया शुरू करेंगे। चरित असालंका श्रीलंकाई टीम की कप्तानी करेंगे।

**श्रीलंका टीम :** चरित असालंका (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, दिनेश चांडीमल, कुसल परेरा, कामिंडु मेंडिस, अविष्का फर्नांडो, दासुन शनाका, डुनिथ वेलालेज, महीश थीक्षाना, जेफरी वांडरसे, चमिका करुणारत्ने, मथीशा पथिराना, नुवान तुषारा, बिनुरा फर्नांडो और ईशान मलिंगा।

## पंड्या इस कारण नहीं खेलते टेस्ट क्रिकेट



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है और वह केवल सीमित ओवरों (एकदिवसीय ओर टी20) प्रारुप के लिए भी उपलब्ध होते है। पंड्या ने अंतिम बार साल 2018 में टेस्ट क्रिकेट खेला था। वहीं साल 2021 में पंड्या ने टेस्ट टीम में वापसी की थी पर इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्हें मौका नहीं मिला था। इसके बाद 2021 टी20 विश्व कप के बाद, पंड्या ने खेल से ब्रेक लिया और आईपीएल 2022 में वापसी की। पंड्या ने करियर में भारत के लिए 11 मैचों की 18 पारियों में कुल 532 रन बनाए हैं। इसके अलावा 19 पारियों में गेंदबाज करते हुए उन्होंने 17 विकेट लिए हैं। उनके टेस्ट मैच न खेलने का मुख्य कारण फिटनेस है। वह अपने करियर में चोटों से काफी परेशान रहे हैं। उन्हें कई बार चोट का सामना करना पड़ता है। इसी कारण वह अपने करियर को लंबा बनाये रखने टेस्ट से दूरी बनाये हुए हैं। उनके पीठ का दर्द उनके टेस्ट क्रिकेट न खेलने के पीछे के कारणों में से एक है। पंड्या ने भी एक बार कहा था कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलकर अपनी पीठ को जोखिम में डाल सकते हैं। उन्होंने कहा था कि मैं खुद को एक बैक-अप सीमर मानता हूं। पीठ की सर्जरी के बाद मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना परेशानी खड़ी कर सकता है हालांकि अगर वह केवल टेस्ट ही खेलते और सीमित ओवरों के लिए उन्हें अवसर नहीं मिलता तो वे टेस्ट खेल सकते थे।

## दक्षिण अफ्रीका की जिम्बाब्वे पर 20 साल में सबसे बड़ी जीत, श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया



**बुलावायो (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को यहां जिम्बाब्वे की दूसरी पारी को 220 रन पर समेट कर उसे पिछले 20 साल में पारी से सबसे बड़ी शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने महज तीन दिन के अंदर पारी और 236 रन की शानदार जीत दर्ज की। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया।

दक्षिण अफ्रीका ने कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन के दम पर पांच विकेट पर 626 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जिम्बाब्वे की टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 43 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई थी जिसके बाद उसे फॉलोऑन दिया गया। टीम मंगलवार को अपनी दूसरी पारी में 220 रन पर आउट हो गई। जिम्बाब्वे की टीम ने इस मैच में कुल 390 रन बनाए जो मुल्डर के स्कोर से सिर्फ 23 रन अधिक था।

मुल्डर का चोटिल टेम्बा बावुमा और केशव महाराज की अनुपस्थिति में कप्तान के तौर पर यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने बल्ले से योगदान देने के साथ तीन विकेट भी चटकाए और तीन कैच लपके। वह मैच और श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। जिम्बाब्वे ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में एक विकेट पर 51 रन से की थी और सुबह के सत्र में टीम ने दो विकेट गंवाए, जिसमें अनुभवी सीन विलियम्स भी शामिल थे।

विलियम्स ने मुल्डर की गेंद को रोकने की कोशिश की और 11 रन पर अपना ऑफ स्टंप गंवा बैठे। लंच से पहले निक वेल्च (55) ने अपने पांचवें टेस्ट में अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद सेनुराम मुथुसामी की गेंद पर मुल्डर के हाथों कैच आउट हो गये। वेल्च का विकेट गिरने के बाद टीम ने 28 ओवरों में 67 रन पर बाकी के सात विकेट गंवा दिये। कप्तान क्रेग एर्विन ने एक छोर से संभल कर खेलते हुए 95 गेंदों में 49 रन की जुझारू पारी खेली।

दक्षिण अफ्रीका के लिए कॉर्बिन बॉश ने चार जबकि मुथुसामी ने तीन और कोडी यूसुफ दो विकेट लिए। जिम्बाब्वे ने बुलावायो में अपना पिछला मैच 2001 में जीता था। उसने इस दौरान 22 टेस्ट खेले और इनमें से 17 में हार का सामना करना पड़ा।

## एशियाई चैंपियनशिप पर रहेंगी मनु की नजरें



पेरिस । ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर का लक्ष्य अब कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियाई चैंपियनशिप में जीत दर्ज करना रहेगा। 16 से 30 अगस्त तक होने वाले इस टूर्नामेंट में केवल मनु ही दो व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग लेंगी। वहीं निशाने बाजी महासंघ ने सात से 15 सितंबर तक चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए सीनियर टीम की घोषणा भी कर दी है। इस प्रमुख एशियाई प्रतियोगिता के लिए सीनियर टीम में 35 निशानेबाज हैं जो तीन मिश्रित टीम सहित 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। मनु इसमें महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन और ओलंपियन राही सरनोबत भी इस टीम में शामिल हैं। वहीं सीनियर टीम में वापसी करने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में पुरुष एयर राइफल के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल और ओलंपियन अंजुम मौदगिल, ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, सौरभ चौधरी और केनान चेनाई भी शामिल हैं। ईशा सिंह, मेहुली घोष और किरण अंकुश जाधव दोनों सीनियर टीम में हैं। वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा घोषित अन्य टीमें सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हैं। जो सीनियर प्रतियोगिता के साथ ही होगी!

## आर्चर बन सकते हैं शुभमन के लिए चुनौती : ब्रॉड

**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा है कि यहां होने वाले तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल के लिए मुसीबत बन सकते हैं। इसका कारण है कि आर्चर के खिलाफ टेस्ट में शुभमन सफल नहीं रहे है। शुभमन ने इस सीरीज के पहले दोनो ही मैचों में शतक लगाये हैं। इससे ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। शुमभन अब तक वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। हालांकि ब्रॉड और जोस बटलर का मानना है कि जोफ्रा के खिलाफ उनके लिए रन बनाना आसान नहीं रहेगा।

भारतीय कप्तान ने एजबेस्टन टेस्ट में दोहरा शतक भी लगाया थाहै। इंग्लैंड के गेंदबाज उन्हें बड़ी मुश्किल से आउट कर पाये हैं। उन्होंने सीरीज के शुरुआती दो मैचों की चार पारियों में 146.25 के औसत से 585 रन बनाए हैं। ब्रॉड और बटलर ने तीसरे मैच में आर्चर के संभावित प्रभाव पर बात करते हुए कहा कहा, वह बस शानदार फॉर्म में थे। ऐसा नहीं लग रहा था कि उन्हें कुछ दिक्कत हो सकती है। उनसे कुछ गलत नहीं किया। विराट कोहली के संन्यास लेने के बाद से, वह नंबर चार पर आ गए हैं और शतक, एक बड़ा दोहरा शतक, एक बड़ा 150 रन बना चुके हैं बस कमाल है। ऐसा लगता है कि उनकी कोई कमजोरी नहीं है।

वहीं जोस बटलर ने कहा, मुझे लगता है कि जो गेंद पिच होने के बाद अंदर आती है और उसमें वह बोल्ड होते हैं। जोफ्रा आर्चर लॉर्ड्स में टीम में वापसी करेंगे वह ऐसी ही गेंदें करते है। उन्होंने आईपीएल में शुभमन को बोल्ड किया था लेकिन इसके अलावा, वह एक बहुत ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं। भारत तकनीकी रूप से कई बेहतरीन खिलाड़ी तैयार करता है।

आर्चर को बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच से पहले स्क्वॉड में शामिल किया गया था पर उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी। आर्चर चार साल बाद टेस्ट प्रारूप में खेलने के लिए उतरेंगे। उन्होंने ससेक्स के लिए एक मैच खेला है। शुभमन ने तीन पारियों में आर्चर का सामना किया है। जिसमें उन्होंने 18 रन बनाए हैं और दो बार आउट हुए हैं। आर्चर की तेजी भी भारतीय बल्लेबाजों के लिए परेशानी बन सकती है।



## साल्ट का बल्ला जांच में सही पाया गया : ईसीबी

लंदन । आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) टीम में शामिल रहे फिल सॉल्ट पर इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में बल्ले के गेज को लेकर धोखाधड़ी के आरोप लगे थे पर बाद में वह इस मामले में बरी हो गये हैं। साल्ट को वाइटैलिटी ब्लास्ट में नॉर्थैम्पटनशायर स्टीलबैक्स के खिलाफ लंकाशायर लाइटनिंग के मैच में लक्ष्य का पीछा करते समय पहले ओवर में ही सवाल उठे थे। तब अंपायर ने सॉल्ट के बल्ले का आकार मापने के लिए बैट-गेज की जांच की थी। यह एक नियमित प्रक्रिया है, जिससे यह तय किया जाता है कि बल्ला निर्धारित मापदंडों के अंदर बना है या नहीं पर उस समय उनका बल्ला बल्ला-गेज से नहीं गुजर पाया और उसे टेस्ट में असफल घोषित कर दिया गया। पहली बार में टेस्ट में फेल होने के बाद सॉल्ट के बल्ले का गेज मैच के बाद भी देखा गया। इस दौरान उनका बल्ला जांच में पास हो गया। इसके बाद भी अंपायर्स ने बल्ले को आगे की जांच के लिए भेज दिया। लंकाशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने कहा है कि बल्ला उसमें भी सही पाया गया है। ऐस में इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के एंटी-करप्शन कोड के किसी भी उल्लंघन से भी इस क्रिकेटर को दोषमुक्त कर दिया गया। सॉल्ट का कहना था कि वह पिछले दो साल से यही बल्ला इंग्लैंड, लंकाशायर और आईपीएल में इस्तेमाल करते रहे है और इस पर किसी ने भी कभी कोई आपत्ति नहीं उठाई गई थी।




## पहलवान सुशील कुमार ने रेलवे में अपनी ड्यूटी फिर से शुरू की, 2021 से हत्या के आरोप में जेल में थे

**कोलकाता (एजेंसी)।** नई दिल्ली ‒ दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार ने एक हाई-प्रोफाइल हत्या मामले में जमानत मिलने के बाद आधिकारिक तौर पर उत्तर रेलवे में अपनी ड्यूटी फिर से शुरू कर दी है। कभी भारतीय कुश्ती का चेहरा माने जाने वाले इस प्रतिष्ठित एथलीट ने इस हफ्ते की शुरुआत में रेलवे कार्यालय में रिपोर्ट की जो अदालतों से प्रशासनिक कार्यों की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव का संकेत है।

सुशील साथी पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के सिलसिले में 2021 से न्यायिक हिरासत में थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मार्च की शुरूआत में मुकदमे की प्रक्रिया में लंबी देरी का हवाला देते हुए उन्हें जमानत दी थी। हालांकि जाच अभी भी जारी है और उनकी कानूनी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, लेकिन जमानत ने उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र में अपनी स्थिति फिर से हासिल करने का मौका दिया है।

रेलवे सूत्रों ने के मुताबिक वर्तमान में उत्तर रेलवे में वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक के पद पर नियुक्त कुमार औपचारिक पोशाक में ड्यूटी पर आए और मीडिया की बढ़ती दिलचस्पी के बीच कम प्रोफाइल बनाए रखी। अधिकारियों ने उनकी बहाली की पुष्टि करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया सेवा नियमों के अनुसार की गई। उनकी वापसी पर जनता की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही है। जहां कुछ लोगों ने हत्या के एक मामले में आरोपी व्यक्ति की बहाली की आलोचना की है, वहीं कुछ का तर्क है कि दोषी साबित होने तक सुशील निर्दोष हैं और अपनी पेशेवर जिम्मेदारियां फिर से शुरू करने के हकदार हैं।

कभी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले कुमार का ओलंपिक पोडियम (बीजिंग 2008 में कांस्य और लंदन 2012 में रजत) से लेकर हत्या के आरोपी बनने तक का सफर पूरे देश को स्तब्ध कर गया है। फिलहाल यह कुश्ती स्टार चुपचाप अपनी सामान्य जिंदगी में लौटने पर ध्यान केंद्रित करता दिख रहा है। हालांकि अदालती कार्यवाही अभी भी जारी है और इस मामले का साया उनकी वापसी की कोशिशों पर मंडरा रहा है।





## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ ही 85.71 पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को भारतीय रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं गत दिवस सुबह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपया शुरुआती कारोबार में 22 पैसे चढ़कर 85.72 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के प्रवाह और सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार से स्थानीय मुद्रा को और बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.75 पर खुला। फिर 85.72 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की बढ़त दिखाता है। वहीं रुपया सोमवार को 54 पैसे की भारी गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.94 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 97.29 पर आ गया।

## फोटो एडिटिंग का काम अब होगा बोलकर

**नई दिल्ली।**

फोटो एडिटिंग का काम अब बिना ऐप्स को बार-बार टच किए, सिर्फ बोलकर होगा। चाइनीज कंपनी रियलमी ने इस जरूरत को समझते हुए अपनी 15 सीरीज के साथ भारत का पहला वॉइस-बेस्ड फोटो एडिटिंग टूल एआई एडिट जेनी लॉन्च किया है। इसकी खास बात यह है कि यूजर को बस बोलना होता है और फोटो उसी हिसाब से एडिट हो जाती है। उदाहरण के तौर पर अगर आप कहें स्किन को स्मूद बनाओ या सिनेमैटिक फिल्टर लगाओ, तो यह कमांड तुरंत फॉलो की जाएगी और आपकी फोटो उसी अनुसार बदल जाएगी। यह एआई आधारित टूल खासतौर पर युवा यूजर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए मददगार है, जो फटाफट और प्रोफेशनल एडिटिंग चाहते हैं। इसके अलावा, इसमें एआई-पावर्ड ऑब्जेक्ट रिमूवल टूल भी है, जिससे आप फोटो में दिख रहे किसी अनचाहे व्यक्ति या चीज को सिर्फ बोलकर हटा सकते हैं। यूजर्स को यह एडिटिंग रियल-टाइम में दिखाई देती है और अगर किसी बदलाव से संतुष्ट नहीं हैं तो उसे हटाने का विकल्प भी आवाज से ही दिया गया है। कंपनी जल्द ही इस टूल में मल्टी-लैंग्वेज सपोर्ट भी जोड़ने की योजना बना रही है। यह फीचर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एएलपी) तकनीक पर आधारित है, जो यूजर की आवाज पहचानकर उसमें बताए गए बदलाव समझता है और उन्हें तुरंत लागू कर देता है। जैसे ही आप कहें ब्राइटेन द बेकग्राउंड, फोटो का बैकग्राउंड तुरंत ब्राइट हो जाएगा।

## अब ट्रंप ने दी फार्मास्युटिकल उत्पाद पर टैरिफ लगाने की धमकी

**भारत पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर कई कंपनियां अमेरिका पर निर्भर**

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर वैश्विक व्यापार पर आक्रामक नजर आ रहे हैं। पहले उन्होंने कई देशों को निशाना बनाया और अब वे उत्पाद-विशेष पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं। इस बार वह कॉपर और फार्मास्युटिकल उत्पाद पर टैरिफ लगाने की बता कह रहे हैं। ट्रंप ने इन पर क्रमशः 50 फीसदी और 200 फीसदी तक का टैरिफ लगाने की बात कही है, जिसका सीधा असर भारत जैसे देशों पड़ेगा। भारत के लिए यह चिंता की बात है क्योंकि देश का फार्मा उद्योग अमेरिका पर काफी हद तक निर्भर है और कॉपर उत्पादों का भी एक बड़ा हिस्सा अमेरिका को निर्यात किया जाता है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने करीब 17 हजार करोड़ रुपए के कॉपर और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया, जिनमें से करीब 17 फीसदी यानी 36 करोड़ डॉलर का निर्यात केवल अमेरिका को किया गया। फार्मा सेक्टर की बात करें तो भारत ने अमेरिका को करीब 9.8 अरब डॉलर यानी करीब 86 हजार करोड़ रुपए की दवाओं की आपूर्ति की।

# एप्पल के नए सीओओ होंगे भारतीय मूल के सबीह खान, सीईओ ने की तारीफ

**क्यूपर्टिनो।**

आईफोन मेकर एप्पल ने ऐलान किया है कि कंपनी में 30 सालों से काम करने वाले भारतीय मूल के सबीह खान अब एप्पल के नए मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) होंगे। सबीह खान एप्पल में जेफ विलियम्स की जगह लेंगे। जेफ इस साल रिटायर हो रहे हैं। यह नेतृत्व परिवर्तन ऐसे समय में हो रहा है जब एप्पल को आईफोन की बिक्री में गिरावट और टैरिफ संबंधी समस्याओं जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें जेफ विलियम्स 27 सालों से एप्पल के साथ हैं। वे अब अपने रिटायरमेंट तक कंपनी की डिजाइन टीम और परियोजनाओं का नेतृत्व करते रहेंगे। इसके बाद, एप्पल की डिजाइन टीम सीधे सीईओ टिम कुक को रिपोर्ट करेगी। कुक ने विलियम्स के काम की प्रशंसा की और उन्हें एप्पल की सफलता में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया। उन्होंने विलियम्स को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सप्लाई चेन में से एक बनाने, एप्पल वॉच लॉन्च करने, कंपनी की रणनीति को आकार देने और जुनून और प्रतिबद्धता के साथ डिजाइन टीम का नेतृत्व करने का श्रेय दिया। बता दें सबीह खान 2019 में एप्पल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कंपनी की ग्लोबल सप्लाई चेन के प्रबंधन और खरीद एवं विनिर्माण की देखरेख में अहम भूमिका निभाई है। नए सीओओ के रूप में खान एप्पलकेयर की देखरेख सहित और भी जिम्मेदारियां संभालने की उम्मीद है। कुक ने खान की तारीफ करते हुए कहा कि सबीह एक शानदार रणनीतिकार और एप्पल की सप्लाई चेन के प्रमुख हैं। उन्होंने एडवांस मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी को पेश करने, संयुक्त राज्य अमेरिका में एप्पल के उत्पादन का विस्तार करने और कंपनी को वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मजबूत और फ्लेक्सिबल बनाने में मदद की है।

## फ्रैंकलिन टेंपलटन ने लॉन्च किया नया मल्टी एसेट फंड -

**जोखिम घटाकर रिटर्न बढ़ाने का लक्ष्य -**

**मुंबई/इंदौर।**

फ्रैंकलिन टेंपलटन (इंडिया) ने आज फ्रेंकलिन इंडिया मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (ख्रढ्ढ्रूस्न) लॉन्च किया। यह एक ओपन-एंडेड फंड है जो इक्विटी, डेट और कमोडिटीज में निवेश करेगा। फंड का मुख्य लक्ष्य जोखिम को कम करते हुए पूंजी बढ़ाना और निवेशकों को इक्विटी टैक्सेशन का लाभ देना है। इसे सक्रिय रूप से मैनेज किया जाएगा। न्यू फंड ऑफर (ह्रस्नह्) 11 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक खुला रहेगा, जिसमें यूनिट्स 10 प्रति यूनिट पर उपलब्ध होंगी। लॉन्च के अवसर पर कंपनी के प्रेसिडेंट अविनाश सत्वालकर ने कहा कि इस फंड का लॉन्च हमारे ग्राहकों की ज़रूरतों को समझने और उन्हें लंबी अवधि के वित्तीय उद्देश्यों से जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मौजूदा अस्थिर माहौल में, इक्विटी, फिक्स्ड इनकम और गोल्ड जैसी कमोडिटीज का सही संयोजन बेहतर जोखिम-समायोजित रिटर्न दे सकता है। कम्पनी के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर (इमर्जिंग मार्केट्स इक्विटी - इंडिया) जानकीरमन आर. ने बताया कि इक्विटी में निवेश वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें अस्थिरता होती है।

## सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी घटकर इस साल 37 फीसदी पर पहुंची

**प्रवर्तकों ने ब्लॉक डील के जरिये शेयर बेचने की वजह से आई गिरावट**

**नई दिल्ली।** भारत के शेयर बाजार में बदलाव आ रहा है और प्रवर्तक अप्रत्याशित तेजी से कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी को कम कर रहे हैं। शीर्ष 200 निजी स्वामित्व वाली सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी करीब 600 अंक घटी है। इन कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2021 में 43 फीसदी थी जो 2025 में घटकर 37 फीसदी रह गई। प्रवर्तकों द्वारा ब्लॉक डील के जरिये शेयर बेचने की वजह से यह गिरावट आई है। इनमें से ज्यादातर शेयर घरेलू म्युचुअल फंडों ने खरीदे हैं। वित्त वर्ष 2021 और वित्त वर्ष 2025 के बीच बीएसई 200 कंपनियों में म्युचुअल फंडों की शेयरधारिता 360 आधार अंक बढ़कर 10.9 फीसदी हो गई जबकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की हिस्सेदारी 420 आधार अंक घटकर 24.4 फीसदी रह गई। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के मुताबिक शेयरधारिता में बदलाव प्रवर्तकों द्वारा उच्च मूल्यांकन का लाभ उठाने और म्युचुअल फंडों द्वारा उतार-चढ़ाव से खरीदार बनने को दर्शाता है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली के बावजूद घरेलू संस्थागत निवेशकों की ओर से प्रवाह बना हुआ है। 2025 की पहली छमाही के दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने सूचीबद्ध शेयरों में 3.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जो पिछले साल इसी अवधि में 2.4 लाख करोड़ था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस दौरान 82,000 करोड़ से ज्यादा की शुद्ध बिकवाली की थी। घरेलू संस्थागत निवेश के निरंतर प्रवाह ने बाजार में बड़ी हिस्सेदारी बिक्री को अवशोषित करने की क्षमता को बढ़ाया है। इस साल की शुरुआत में ब्रिटिश अमेरिकन टोबैको ने आईटीसी में और सिंगटेल ने भारती एयरटेल में करीब 13,000-13,000 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। अल्फानीति फिनटेक के सह-संस्थापक यूआर भट्ट ने कहा कि कई प्रवर्तकों ने नई परियोजनाओं के लिए या कर्ज कम करने के लिए पूंजी जुटाई है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 176.43 , निफ्टी 46.40 अंक टूटा**

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई का सेंसेक्स 176.43 अंक टूटकर 83,536.08 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 46.40 अंकों की गिरावट के साथ ही 25,476.10 अंकों पर बंद हुआ। बाजार में इस गिरावट का एक कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बह बयान है जिसमें उन्होंने कहा है कि एक अगस्त से टेरिफ लगाया जाएगा। इससे निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे घरेलू बाजार पर दबाव आया। आज सुबह भी बाजार की कमजोर शुरुआत हुई और ये सिलसिला दिन भर जारी रहा।

आज सेंसेक्स की 30 में से 13 कंपनियों के शेयर ही ऊपर आये जबकि शेष 17 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए । इसी प्रकार 50 शेयरो वाले एनएसई निफ्टी की 21 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए शेष 29 कंपनियों के शेयर नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 1.40 फीसदी उछले जबकि एचसीएल टेक के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.03 फीसदी गिरे।

सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 1.26 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.90 फीसदी, पावरग्रिड 0.62 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.57 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.49 फीसदी, आईटीसी 0.48 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.45 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.36 फीसदीकी तेजी के साथ बंद हुए।

वहीं टाटा स्टील के शेयरों में 1.76 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.39 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.28 फीसदी, बीईएल 1.01फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.77 फीसदी, एलएंडटी 0.66फीसदी, टीसीएस 0.65 फीसदी, ट्रेंट 0.61 फीसदी, भारती एयरटेल 0.51 फीसदी, सनफार्मा 0.50 फीसदी, नीचे आये।

आज बीएसई मिडकैप इंडेक्स स्थिर रहा, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.5 फीसदी बढ़ा। वहीं क्षेत्रीय स्तर पर, एफएमसीजी, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि मेटल और रियल्टी में एक-एक फीसदी से अधिक की गिरावट आई। जियो का



आईपीओ 2025 से आगे खिसकने से रिलायंस के शेयरों में 2 फीसदी की गिरावट आई। ट्रंप के भारत के लिए प्रमुख निर्यात श्रेणी, फार्मास्यूटिकल्स के आयात पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से भी बाजार नीचे आया है।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स आज सुबह 90 अंक के करीब नीचे आकर 83,625.89 अंक पर खुला। सुबह यह 114.39 अंक करीब 0.14 फीसदी की गिरावट के साथ 83,598.12 पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी हल्की गिरावट के साथ ही 25,514.60 अंक पर खुला। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्केई इंडेक्स 0.18 फीसदी ऊपर आया जबकि टोपिक्स इंडेक्स में 0.19 फीसदी की तेजी दर्ज की गयी।

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।**

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। आज सुबह वायदा कारोबार की शुरुआत कमजोर रही। घरेलू बाजार में आज सोना 96,200 रुपये जबकि चांदी 1,07,800 रुपये के करीब रहा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई हालांकि बाद में इसमें गिरावट आने लगी। इसके अलावा सोना भी गिरावट के साथ ही खुला।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत कमजोर रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध आज 279 रुपये की गिरावट के साथ ही 96,193 रुपये पर खुला। इसका पिछ्ला बंद भाव 96,472 रुपये था। वहीं एक समय यह अनुबंध 294 रुपये की गिरावट के साथ ही 96,178 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एक समय इसने 96,257 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,157 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के शीर्ष स्तर पर पहुंचे।

चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी कमजोर रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर अनुबंध 96 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,889 रुपये पर खुला। पिछ्ला बंद भाव 1,07,985 रुपये था। एक समय



यह अनुबंध 165 रुपये की गिरावट के साथ ही 1,07,820 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। ये 1,07,938 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,07,800 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। वहीं चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा।

दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव में गिरावट रही। कॉमेक्स पर सोना 3,310.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछ्ला बंद भाव 3,316.90 डॉलर प्रति औंस था। सुबह यह 16.80 डॉलर की गिरावट के साथ ही 3,300.10 डॉलर प्रति औंस पर खुला। वहीं सोने के वायदा भाव इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव के शीर्ष स्तर पर पहुंचे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.93 डॉलर के भाव पर खुले।

## वैगनआर ने सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी हैचबैक का खिताब जीता

**नई दिल्ली।**

वित्त वर्ष 2025 में मारुति सुजुकी की वैगनआर ने सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी हैचबैक का खिताब हासिल किया है। अप्रैल से जून 2025 की तिमाही में कंपनी ने वैगनआर सीएनजी की कुल 1,02,128 यूनिट्स की बिक्री की है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि ईंधन की बढ़ती कीमतों और बेहतर माइलेज की चाहत के चलते ग्राहक पारंपरिक पेट्रोल-डीजल के विकल्प के रूप में सीएनजी वाहनों को तेजी से अपना रहे हैं। मारुति की ही इर्टिगा सीएनजी इस दौरान सबसे ज्यादा बिकने वाली सीएनजी कार रही, लेकिन वैगनआर ने हैचबैक सेगमेंट में सबसे अधिक ग्राहक बटोरे। वैगनआर को इसकी किफायती कीमत, शानदार माइलेज और बेहतर फीचर्स के लिए जाना जाता है। इसमें 1.0 लीटर और 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन विकल्प मिलते हैं, जिसमें सीएनजी वेरिएंट भी उपलब्ध है। कार का दावा है कि सीएनजी पर यह 34 किमी प्रति किलोग्राम तक का माइलेज दे सकती है। इसके अलावा वैगनआर में 7-इंच टचस्क्रीन, 4-स्पीकर म्यूजिक सिस्टम, स्टेयरिंग माउंटेड कंट्रोल और रियर पार्किंग सेंसर जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 5.79 लाख रुपये से शुरू होकर 7.62 लाख रुपये तक जाती है।

# जियो ब्लैकरॉक म्युचुअल फंड बाजार में हलचल मचाने को तैयार

**ज्वाइंट वेंचर बाजार में अलग प्रोडक्ट पेश करने की बना रही योजना**

**नई दिल्ली।**

जियो ब्लैकरॉक म्युचुअल फंड बाजार में एंट्री के लिए तैयार है। भारत में इस साल के आखिर तक यह एएमसी करीब एक दर्जन इक्विटी और डेट फंड लॉन्च करने की योजना बना रही है। यह फंड छोटे निवेशकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जाएंगे और लागत कम रखने सीधे निवेशकों तक पहुंचने की स्ट्रैटेजी अपनाई जाएगी। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अरबपति मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और ब्लैकरॉक के इस ज्वाइंट वेंचर की भारत के 72.2 लाख करोड़ रुपए के फंड बाजार में एंट्री एक ऐसे बिजनेस मॉडल के साथ हो रही है जो इस सेक्टर में हलचल पैदा कर सकता है। यह ज्वाइंट वेंचर अपने व्यापक डिजिटल नेटवर्क का इस्तेमाल करके उन पारंपरिक डिस्ट्रीब्यूटर्स को दरकिनार करने की तैयारी में है जिन पर अभी तक बाकी इंडस्ट्री निर्भर रही है। जियो ब्लैकरॉक, भारत की सबसे बड़ी टेलीकॉम नेटवर्क कंपनी जियो और ब्लैकरॉक के इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म 'अलादीन' का इस्तेमाल करके एक भीड़भाड़ वाले बाजार में अलग तरह के प्रोडक्ट पेश करने की योजना बना रहा है।

सूत्रों के मुताबिक एसेट मैनेजर ने बाजार नियामक के पास आठ नए फंड लॉन्च करने के लिए आवेदन किया है। ये फंड पिछले महीने लॉन्च किए गए तीन फंडों के अतिरिक्त होंगे। सूत्रों ने बताया कि इन फंडों में न्यूनतम 500 रुपए से निवेश कर सकते हैं। जियो ब्लैकरॉक ने सोमवार को कहा था कि उसने तीन नई डेट म्युचुअल फंड योजनाओं ओवरनाइट, लिक्विड और मनी मार्केट के जरिए 17,800 करोड़ जुटाए हैं। इन फंडों में अब तक 90 संस्थागत निवेशक और 67,000 रिटेल निवेशक पैसा लगा चुके हैं।

# क्रिजैक आईपीओ ने निवेशकों को किया खुश, पहले दिन 14 से 15 फीसदी का फायदा




**नई दिल्ली।**

क्रिजैक आईपीओ के शेयरों की दलाल स्ट्रीट पर धमाकेदार एंट्री हुई है। कंपनी के शेयर बुधवार को सूचीबद्ध हुए। नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) क्रिजैक आईपीओ के शेयर 281 रुपए प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हुए। यह इसके इश्यू प्राइस के अपर एंड 245 रुपए की तुलना में 36 रुपए या 15 फीसदी ज्यादा है। बीएसई (बीएसई) पर कंपनी का शेयर 280 रुपए प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हुए। यह पब्लिक इश्यू के प्राइस बैंड के मुकाबले 35 रुपए या 14 फीसदी ज्यादा हैं। इस तरह निवेशकों को लिस्टिंग के पहले दिन ही करीब 14 से 15 फीसदी का फायदा मिला। बता दें क्रिजैक आईपीओ के लिए बिडिंग शुक्रवार यानी 4 जुलाई को खत्म हुई थी। पब्लिक इश्यू को आवेदन करने के तीसरे और अंतिम दिन सभी कैटेगरी में निवेशकों का जबरदस्त रिस्पांस मिला। एनएसई के आंकड़ों के मुताबिक निवेशकों ने 1,54,53,03,240 शेयरों के लिए आवेदन किया। जबकि पेशकश किए गए शेयरों की संख्या केवल 2,45,71,427 थी। इस तरह क्रिजैक आईपीओ को कुल 59.82 गुना सब्सक्राइब किया गया। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व हिस्सा 134.35 गुना सब्सक्राइब हुआ। जबकि नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 76.15 गुना भरा गया। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए तय कोटा 10.24 गुना सब्सक्राइब हुआ। क्रिजैक आईपीओ का प्राइस बैंड 233 से 245 रुपए प्रति शेयर तय किया था। एक लॉट में 61 शेयर थे यानी रिटेल इनवेस्टर्स को कम से कम एक लॉट यानी 61 शेयर के लिए बोली लगानी होगी। अपर प्राइस 245 रुपए के हिसाब से एक लॉट के लिए 14,945 का खर्च आएगा। रिटेल इनवेस्टर एक साथ अधिकतम 13 लॉट यानी 793 शेयरों के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसका कुल भुगतान 1,94,285 बनता है।

# टाटा संस की टाटा केपिटल में हिस्सेदारी 93 फीसदी, वैल्यू 98,178 करोड़ हुई

**नई दिल्ली।**

टाटा ग्रुप की टाटा संस के पास अपनी फाइनेंशियल सर्विस कंपनी टाटा केपिटल में 93 फीसदी हिस्सेदारी है। इस हिस्सेदारी की वैल्यू करीब 98,178 करोड़ रुपए यानी करीब 11.4 अरब डॉलर है। टाटा केपिटल की यह वैल्यू मार्च में हुए राइट्स इश्यू के आधार पर निकाली गई है, जिसमें प्रति शेयर की कीमत 281 रुपए रखी गई थी। टाटा केपिटल के 2025 की सालाना रिपोर्ट में इसकी कुल इक्विटी वैल्यू 1.05 लाख करोड़ रुपए बताई गई है, जिसके आधार पर यह भारत की टॉप 10 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में आठवें स्थान पर है। टाटा संस अब टाटा केपिटल में अपनी 18 फीसदी तक हिस्सेदारी को आईपीओ के जरिए बेचने की तैयारी में कर रहा है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इस आईपीओ से टाटा संस को 17,672 करोड़ रुपए हासिल हो सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए सेबी के पास गोपनीय तरीके से आईपीओ का आवेदन दिया था, जिसे मंजूरी कर लिया गया है। टाटा केपिटल को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 'अपर लेयर' के रूप में वर्गीकृत किया है, जिसके नियमों के तहत सितंबर तक इसे पब्लिक लिस्टिंग करानी होगी। टाटा संस के अलावा टाटा केपिटल के शेयरधारकों में इसके कर्मचारी और इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन शामिल हैं। टाटा संस को इस समय नकदी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। 2025 में इसकी डिविडेंड आय और शेयर बायबैक से होने वाली कमाई 3.5 फीसदी घटकर 36,514 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो पिछले साल 37,832 करोड़ रुपए थी। यह करीब एक दशक में पहली बार ऐसी कमी देखी गई है। साल 2024 में टाटा संस की स्टैंडअलोन ऑपरेटिंग आय 25 फीसदी बढ़कर 43,767 करोड़ हो गई थी, जिसमें 95 फीसदी हिस्सा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के डिविडेंड और बायबैक से आया था, लेकिन 2025 में टीसीएस से डिविडेंड आय 34,053 करोड़ से घटकर 32,722 करोड़ रहने की उम्मीद है। इस बीच, टाटा संस जो अब कर्ज मुक्त है और अपर लेयर के रूप में वर्गीकृत है उसने आरबीआई से इस वर्गीकरण से बाहर निकलने के लिए आवेदन किया है, जो अभी लंबित है। बता दें जून में टाटा केपिटल ने 1,752 करोड़ का दूसरा राइट्स इश्यू मंजूर किया, जिसमें टाटा संस 1,630 करोड़ का अतिरिक्त निवेश कर सकती है।


# जून 2025 में वाहनों की त्योहार और शादियों ने बढ़ाई मांग

**नई दिल्ली।**

देश में सभी सेगमेंट की ऑटोमोबाइल खुदरा बिक्री जून 2025 में सालाना आधार पर 4.84 प्रतिशत बढ़कर 20.03 लाख यूनिट से ज्यादा हो गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोटिव डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अनुसार कि दोपहिया वाहनों की बिक्री 4.73प्रतिशत, तिपहिया वाहनों की 6.68प्रतिशत, पैसेंजर व्हीकल की 2.45प्रतिशत, कमर्शियल व्हीकल की 6.6प्रतिशत, ट्रैक्टरों की 8.68प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट्स की बिक्री 54.95प्रतिशत बढ़ी। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने बताया कि त्योहार और शादी के सीजन ने बिक्री को प्रोत्साहन दिया, लेकिन वित्तीय चुनौतियां, कुछ मॉडलों की सीमित उपलब्धता, शुरुआती मानसूनी बारिश और इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता ने खरीद के पैटर्न को प्रभावित किया। विग्नेश्वर ने बताया कि जून में दोपहिया वाहनों की मांग अच्छी रही, जबकि पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में बिक्री में सालाना 2.45प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, हालांकि मासिक आधार पर इसमें 1.49प्रतिशत की गिरावट रही।




# जल्द ही फ्लोर पर आएगी तृप्ति डिमरी-प्रभास की फिल्म स्पिरिट



साउथ एक्टर प्रभास अपनी आगामी फिल्म स्पिरिट में निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के साथ काम कर रहे हैं। यह उनकी सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। फिल्म ने अपनी घोषणा के बाद से ही प्रशंसकों में उत्साह पैदा कर दिया है।

### कब रिलीज होगी फिल्म

एक खबर के मुताबिक, हाल ही में अमेरिका में एक इवेंट के दौरान संदीप के भाई प्रणय रेड्डी वांगा ने बताया कि फिल्म की शूटिंग सितंबर 2025 से शुरू होगी। स्पिरिट प्रभास और संदीप का पहला सहयोग है। इसमें प्रभास के किरदार के लिए खास स्टाइल में बदलाव की जरूरत होगी। इसलिए, संदीप ने प्रभास से पूरी तरह समय मांगा है। फिल्म को एक ही शेड्यूल में शूट करने की योजना है, ताकि कहानी और किरदार की गहराई बनी रहे।

### दीपिका नहीं होंगी फिल्म का हिस्सा

पहले खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण इस फिल्म का हिस्सा थीं, लेकिन शेड्यूल और समस्याओं के कारण उन्होंने प्रोजेक्ट छोड़ दिया। इसके बाद एनिमल फेम तृप्ति डिमरी को नई फीमेल लीड के रूप में चुना गया। तृप्ति की कास्टिंग को काफी सराहा जा रहा है। फिल्म की कहानी को अभी गुप्त रखा गया है। संदीप की यह फिल्म वैश्विक दर्शकों को आकर्षित करेगी।

### प्रभास का वर्कफ्रंट

स्पिरिट के अलावा प्रभास द राजा साब नाम की एक रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे, जो दिसंबर 2025 में रिलीज हो सकती है। यह फिल्म हल्की-फुल्की और मजेदार होगी। उनकी एक और फिल्म, जिसका नाम संभवतः फौजी है, निर्देशक हनु राघवपुडी के साथ है, जो देशभक्ति और ड्रामा पर आधारित हो सकती है। स्पिरिट के साथ प्रभास और संदीप एक ऐसी फिल्म लाने की तैयारी में हैं, जो एक्शन और भावनाओं से भरपूर होगी। सितंबर में शूटिंग शुरू होने के साथ फिल्म को लेकर प्रशंसकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं।



# मानुषी ने बताया बॉलीवुड में कैसा रहा अब तक का सफर

मानुषी छिल्लर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। मानुषी को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। क्योंकि उनके तीन साल के बॉलीवुड करियर में एक भी हिट फिल्म नहीं है। ऐसे में 'मालिक' मानुषी के लिए काफी अहम फिल्म है।

### अब तक बॉलीवुड जर्नी में अगर कुछ एक डिलीट करना हो, तो क्या करेंगी?

वैसे तो कुछ भी नहीं डिलीट करना चाहूंगी। क्योंकि हर एक पल ने कुछ न कुछ दिया है। उससे कुछ न कुछ सीखा है। हां, जब कोविड की वजह से लॉकडाउन लगा था, तब जरूर ये लगा था कि सब कुछ स्लो हो गया है। एक ठहराव आ गया है। वो भी इसलिए कि मैंने शुरू ही किया था और अचानक सब कुछ थम सा गया। हालांकि, उस वक्त उसकी जरूरत थी। लेकिन अंदर ही अंदर लगता था कि मैं और भी काम करना चाहती हूं। मेरी फिल्म जल्दी आए। मैं बस उस समय को थोड़ा कम करना चाहूंगी।

### आपको अब तक बॉलीवुड ने कैसे ट्रीट किया है?

अभी तो शुरुआत हुई है। अभी तो सबकुछ अच्छा ही रहा है। जैसा किसी भी फील्ड में नए इंसान को ट्रीट किया जाता है, वैसा ही यहां मुझे किया जाता है। ऐसे भी लोग हैं, जिन्होंने मुझे बहुत अच्छा फील कराया है और मेरा साथ ही दिया है। कुछ ऐसे भी लोग हैं, जिन्हें मैं और भी जानना चाहूंगी। मैं धीरे-धीरे समझ ही रही हूं।

### अभी तक की बॉलीवुड की जर्नी से क्या सीख मिली है? कहानी को देखकर फिल्म करो या फिर एक्टर और बैनर देखकर?

हालांकि, फिल्म एक पूरा पैकेज होती है। लेकिन कहानी और एक्टर-बैनर में से किसी एक को चुनना हो तो बेशक कहानी ही सबसे महत्वपूर्ण है, ये मुझे अब समझ में आया है। लेकिन कहीं न कहीं आप चाहेंगे कि एक अच्छा प्रोड्यूसर हो, जो उस कहानी को अच्छे से पैकेज करे। एक अच्छा निर्देशक हो जो उस कहानी को अच्छे से दिखाए। इसलिए अच्छी फिल्म बनाने में हर चीज की अपनी भूमिका होती है। सिर्फ कोई एक चीज फिल्म को अच्छा नहीं बनाती।



# अक्षय खन्ना के साथ काम करना काफी शानदार रहा

अभिनेत्री अनुष्का लुहार अपनी आने वाली फिल्म अक्षरधाम - ऑपरेशन वज्र शक्ति की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इस फिल्म में काम करने का अनुभव साझा किया। अनुष्का ने बताया कि अक्षय खन्ना के साथ काम करना काफी शानदार रहा। वह सीनियर और टैलेंटेड अभिनेता हैं। उनके साथ काम करके काफी कुछ सीखने को मिला।

उन्होंने कहा, अक्षरधाम-ऑपरेशन वज्र शक्ति की पूरी टीम के साथ काम करना मेरे लिए एक काफी अच्छा और संतोषजनक अनुभव रहा। बचपन से ही मैं अक्षय खन्ना की फिल्में देखकर बड़ी हुई हूं और उनकी फैन रही हूं। उनकी फिल्म 36 चाइना टाउन में उनका अभिनय मुझे बहुत पसंद आया था। अब जब मुझे उनके साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला है, तो यह सपने जैसा लग रहा है और मेरे लिए वाकई में बहुत खास है। उन्होंने कहा, अक्षय सर सेट पर एक अलग ही शांति और एकाग्रता लेकर आते हैं। उनका तरीका बहुत प्रेरणादायक है। उन्हें काम करते हुए देखना, उनके समर्पण को महसूस करना अपने-आप में एक सीखने का अनुभव रहा है। उन्होंने अपने किरदार को सच्चाई और गहराई से निभाया है। इस फिल्म में पूरी टीम ने दिल से मेहनत की है, और ऐसे समर्पित और टैलेंटेड लोगों के साथ काम करना मेरे लिए गर्व की बात है। अभिनेत्री ने निर्देशक केन घोष के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, केन घोष का शांत स्वभाव, अटूट समर्थन और उनकी दयालुता ने पूरी फिल्म बनाने की प्रक्रिया को बहुत आसान और मजेदार बना दिया। मैं पहले भी जी5 की एक वेब सीरीज में उनके साथ काम कर चुकी हूं। इस सीरीज के दौरान उन्होंने मुझे सेजल के किरदार के लिए चुना था। उन्होंने मुझे ऑडिशन देने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उनके इस विश्वास के लिए बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा, केन सर का धैर्य और उनका मिलनसार स्वभाव सेट पर सकारात्मक माहौल बनाता है। मैं उनके काम और हर प्रोजेक्ट में उनकी ईमानदारी की बहुत कदर करती हूं। उन्होंने इस फिल्म में पूरी जान लगा दी है, और मुझे सच में उम्मीद है कि दर्शकों को भी वही भावनात्मक जुड़ाव महसूस होगा जो हमें फिल्म बनाते वक्त हुआ। मैं भविष्य में उनके साथ फिर से काम करना चाहूंगी। अक्षरधाम-ऑपरेशन वज्र शक्ति 2002 में गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हुए आतंकी हमले और उसके बाद हुई आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन की कहानी पर आधारित है।

# अपारशक्ति खुराना की तमिल सिनेमा में एंट्री

पीटीआई के अनुसार फिल्म 'रूट- रनिंग आउट ऑफ टाइम' की शूटिंग इन दिनों चेन्नई में चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन सूर्यप्रताप एस कर रहे हैं। इस फिल्म में अपारशक्ति खुराना भी एक अहम किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में वह तमिल एक्टर गौतम कार्तिक के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म से अपारशक्ति तमिल सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं।

### तमिल सिनेमा का हिस्सा बनकर खुश अपारशक्ति

तमिल फिल्म 'रूट- रनिंग आउट ऑफ टाइम' का हिस्सा बनकर अपारशक्ति खुराना उत्साहित हैं। वह कहते हैं, 'मैं रूट- रनिंग आउट ऑफ टाइम' के साथ तमिल सिनेमा में अपनी शुरुआत को लेकर एक्साइटेड हूं। फिल्म की कहानी काफी चुनौतीपूर्ण और अलग है। इस फिल्म की टैलेंटेड टीम के साथ काम करके काफी खुश हूं।' इस फिल्म के मेकर्स का भी कहना है, 'हम एक इमोशनल स्टोरी को साइंस फिक्शन, क्राइम थ्रिलर के साथ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।




### भाई के साथ फिल्मों में आए

अपारशक्ति खुराना के भाई आयुष्मान खुराना भी बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर हैं। अपारशक्ति, आयुष्मान से इंस्पायर हैं। दोनों भाइयों की बॉन्डिंग भी कमाल की है। दोनों भाई साथ ही मुंबई करियर बनाने आए। अपारशक्ति एक्टिंग में आने से पहले क्रिकेट में भी रुचि रखते थे। वह हरियाणा अंडर 19 क्रिकेट टीम के कैप्टन भी रह चुके हैं।

# रावण के पुनर्जन्म की कहानी ला रहे प्रशांत नील और अल्लू अर्जुन, दीपिका होंगी हीरोइन!





रणबीर कपूर और यश के रामायण की पहली झलक आ गई है। नमित मल्होत्रा के प्रोडक्शन और नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म का 3 मिनट का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। यह फिल्म दो पार्ट में 2026 और 2027 की दिवाली पर रिलीज होगी। रामायण की पौराणिक कथा और किरदारों में अगर आपकी दिलचस्पी है, तो अब साउथ सिनेमा में भी एक ऐसी फिल्म आ रही है, जिसमें हमें दशानन रावण की अनकही कहानी देखने को मिलने वाली हैं। दिग्गज निर्माता दिल राजू ने प्रशांत नील और अल्लू अर्जुन के इस प्रोजेक्ट की पुष्टि की है। जबकि एक रिपोर्ट में फिल्म की कहानी को लेकर नया दावा किया गया है। सिनेफाइल मोहम्मद इहसान नाम के यूजर ने ङ्ग पर इसकी जानकारी दी है। उनका कहना है कि रावणम फिल्म में रावण के पुनर्जन्म की कहानी दिखाई जाएगी। यह फिल्म बताएगी कि राक्षस राजा की मृत्यु के बाद उसके साथ क्या हुआ और उसकी आत्मा को कैसे ले जाया गया।

### खूंखार गैंगस्टर के रूप में होगा रावण का पुनर्जन्म?

बताया जाता है कि फिल्म की कहानी में एक पैरलल यूनिवर्स यानी समानांतर ब्रह्मांड होगा, जिसमें रावण का पुनर्जन्म एक खूंखार अंडरवर्ल्ड गैंगस्टर के रूप में होता है। हालांकि, अभी तक यह सिर्फ चर्चा ही है, क्योंकि निर्माताओं को ऐसी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।



# साईं पल्लवी मेरी तरह सीता नहीं बन सकतीं

रामानंद सागर की 'रामायण' में सीता का किरदार निभा चुकीं दीपिका चिखलिया आज भी करोड़ों लोगों के लिए 'सीता माता' हैं। हाल ही में जब नितेश तिवारी की नई फिल्म 'रामायण' का टीजर सामने आया, तो उन्होंने बातचीत में इस पर राय रखी। उन्होंने फिल्म के विजुअल्स की तारीफ की, लेकिन साथ ही इस बात की चिंता भी जताई कि कहीं रामायण के असली इमोशंस बड़े बजट और तकनीक के बीच खो न जाए।

### टीजर भव्य है, पर आत्मा दिखाई नहीं दी

दीपिका चिखलिया ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे विजुअल इफेक्ट्स अच्छे लगे। लेकिन मेरी अपनी राय है कि रामायण सिर्फ ग्राफिक्स या टेक्नोलॉजी नहीं है। ये एक भावनाओं की कहानी है। टीजर देखकर कहानी का अंदाजा नहीं लगा, लेकिन इतना जरूर लगा कि ये काफी मॉडर्न लग रहा है। लाइटिंग, रंगों का टोन... सब थोड़ा नया जमाने जैसा महसूस हुआ। दीपिका ने कहा कि जब उन्होंने रामायण की थी, तब तकनीक बहुत सीमित थी, लेकिन लोगों ने उस शो से दिल से जुड़ाव बनाया था। अब जो टीजर देखा, उसमें भव्यता है, लेकिन मैं इंतजार कर रही हूं यह देखने का कि क्या उसमें वो इमोशंस हैं या नहीं।

### रणबीर को देखा...और याद आ गए अरुण गोविल

जब दीपिका से पूछा गया कि रणबीर कपूर राम के रूप में कैसे लगे, तो उन्होंने कहा, जब मैंने रणबीर को राम के रूप में देखा, तो मुझे तुरंत अरुण गोविल की याद आ गई। मैं शायद कभी राम की जगह किसी और को देख ही नहीं पाऊंगी। वे 35-40 साल से हमारे लिए राम हैं।

### साई पल्लवी मुझसे अलग होंगी, पर सीता को अच्छी तरह निभाएंगी

सीता के रोल में साई पल्लवी के चयन पर दीपिका ने कहा, वो एक बहुत अच्छी एक्ट्रेस हैं। मैंने उनकी मलयालम फिल्में देखी हैं। उनकी एक्टिंग बहुत नैचुरल होती है। मुझे पूरा भरोसा है कि वे सीता का किरदार अच्छे से निभाएंगी। हां, वो मुझसे अलग होंगी, लेकिन वो अपना काम अच्छे से करेंगी।

### पहले से पहचाने चेहरे को भगवान मानना आसान नहीं होता

दीपिका ने बताया कि जब उन्होंने रामायण में काम किया था, तब लोगों ने उन्हें सच में देवी के रूप में देखना शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा, आज भी लोग मुझे और अरुण जी को राम-सीता ही मानते हैं। फर्क बस इतना है कि जब हम आए थे, तब हम बिल्कुल नए चेहरे थे। लोग हमें उसी रूप में स्वीकार कर पाए। लेकिन अब के कलाकार पहले से कई किरदार कर चुके हैं, इसलिए लोगों के लिए उन्हें भगवान के रूप में स्वीकार करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

### राम जी को दशरथ के रूप में देखना आसान नहीं

नई फिल्म में अरुण गोविल दशरथ की भूमिका निभा रहे हैं। इस पर दीपिका ने भावुक होकर कहा, जब मैंने सोशल मीडिया पर उन्हें दशरथ के रूप में देखा, तो दिल से यही निकला... ये तो राम जी हैं। उनके चेहरे पर वही शांति, वही छवि है। मुझे उन्हें दशरथ के रूप में देखना थोड़ा मुश्किल लगा।

### रामायण में खुद को सिर्फ सीता के रूप में ही देख सकती हूं

दीपिका ने यह भी बताया कि उन्हें इस फिल्म के लिए किसी ने संपर्क नहीं किया। साथ ही उन्होंने खुद को किसी और किरदार में देखने से इनकार किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं सिर्फ सीता हूं। मैं खुद को किसी और रूप में रामायण में नहीं देख सकती। अगर महाभारत जैसा कुछ होता, तो सोचती। लेकिन रामायण में नहीं। रामायण को सिर्फ देखा नहीं, महसूस किया जाता है फिल्म के मेगा बजट (करीब 850 करोड़ रुपये) पर दीपिका ने कहा, रामायण सिर्फ एक कहानी नहीं है। यह रिश्तों और भक्ति की गहराई है। इसे दिखाने के लिए पैसे नहीं, भावना चाहिए। रामायण को महसूस करना होता है, सिर्फ देखना नहीं होता। मुझे बस ये डर है कि इतने बड़े बजट और भारी विजुअल्स में इमोशंस पीछे न रह जाएं। असली रामायण वही है, जिसमें भक्ति और भावनाएं हों।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in